ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 2, अंक 301, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव 13
जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 14



अमृत विचार
# विश्व कप
कानपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
www.amritvichar.com

# भारत की जीत में चमके सूर्यकुमार व बुमराह

## भारतीय टीम 47 रन से जीती, जसप्रीत व अर्शदीप ने 3 और कुलदीप यादव ने झटके 2 विकेट

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के बाद जसप्रीत बुमराह के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम बुमराह (सात रन पर तीन विकेट), अर्शदीप सिंह (36 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 20 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। जडेजा (20 रन पर एक विकेट) और अक्षर (15 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। भारत ने इससे पहले सूर्यकुमार की 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की पारी और हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 181 रन बनाए। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। रहमानुल्लाह गुरबाज (11) ने अर्शदीप के पहले ओवर में ही चौका और छक्का मारा लेकिन बुमराह ने अगले ओवर में उन्हें विकेटकीपर पंत के हाथों कैच करा दिया। इब्राहिम जादरान ने अर्शदीप पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर भाग्यशाली रहे जब कोहली ने प्वाइंट पर उनका कैच टपका दिया। इब्राहिम हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और अगले ओवर में अक्षर की गेंद को एक्स्ट्रा कवर पर कप्तान रोहित शर्मा के हाथों में खेल गए। बुमराह ने हजरतुल्लाह जजई (02) को जडेजा के हाथों कैच कराके अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया। गुलबदिन नैब (17) ने अक्षर पर छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 35 रन तक पहुंचाया। अजमतुल्लाह ओमरजई (26) ने बुमराह और पंड्या पर चौके मारे। गुलबदिन ने कुलदीप यादव की नोबॉल पर चौके के साथ नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। कुलदीप ने इसके बाद गुलबदिन को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया जबकि अजमतुल्लाह जडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अक्षर को कैच दे बैठे जिससे अफगानिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 71 रन हो गया।



**53** रन सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदें खेल कर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से बनाए।

**टी-20 वर्ल्डकप**
- हार्दिक पांड्या ने खेली 32 रन की मत्वपूर्ण पारी
- राशिद खान ने भारतीय टीम के तीन विकेट झटके

नजीबुल्लाह जादरान ने आते ही कुलदीप पर छक्का जड़ा और फिर पंड्या की गेंद को भी दर्शकों के बीच पहुंचाया। टीम के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। अफगानिस्तान को अंतिम पांच ओवर में 81 रन की दरकार थी। बुमराह ने गेंदबाजी में वापसी करते हुए नजीबुल्लाह (19) को प्वाइंट पर अर्शदीप के हाथों कैच कराया। मोहम्मद नबी (14) ने कुलदीप पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जडेजा को कैच दे बैठे। अर्शदीप ने 18वें ओवर में राशिद (02) और नवीन उल हक (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा।

## डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां केनसिंग्टन ओवल में मैच शुरू होने से तुरंत पहले सूचित किया कि टीम इंडिया पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की याद में बांह पर काली पट्टी बांधेंगी जिनका गुरुवार को निधन हो गया। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## खेल डायरी

### सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

### अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

**बेंगलुरू।** अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

### सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली,।** विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

### भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

# बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।



## विंडीज पर मिली जीत से आत्मविश्वास गहराया : फिल साल्ट

**आइलेट, एजेंसी।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने कहा है कि टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में वेस्टइंडीज पर आठ विकेट से मिली जीत से सही समय पर उनकी टीम का आत्मविश्वास बढा है और लय मिल गई है।

साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से इंग्लैंड ने 181 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में ही हासिल कर लिया। साल्ट ने मैच के बाद कहा हमारे लिये टूर्नामेंट अभी तक उतार चढाव भरा रहा था। आस्ट्रेलिया से हम हार गए और स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में बारिश आ गई। हमने अभी तक बहुत क्रिकेट खेला ही नहीं। टूर्नामेंट क्रिकेट में आपको सही समय पर आत्मविश्वास और लय चाहिये होती है।

# साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।



# क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

**लंदन, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।



# ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्डकप**
- बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज
- टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार है:

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्व: जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।**



# इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से**

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

# सर्बिया और स्लोवेनिया ने खेला ड्रा

**म्यूनिख, एजेंसी**

स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई।

जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम एतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रैफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी।



## जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

# बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ
- **पहला टेस्ट :** बेंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
- **दूसरा टेस्ट :** पुणे (24-28 अक्टूबर)
- **तीसरा टेस्ट :** मुंबई (1-5 नवंबर)

### बांग्लादेश के खिलाफ
- **पहला टेस्ट :** चेन्नई (19-23 सितंबर)
- **दूसरा टेस्ट :** कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
- **पहला टी-20 :** धर्मशाला (6 अक्टूबर)
- **दूसरा टी-20 :** दिल्ली (9 अक्टूबर)
- **तीसरा टी-20 :** हैदराबाद (12 अक्टूबर)

### इंग्लैंड के खिलाफ
- **पहला टी-20 :** चेन्नई (22 जनवरी)
- **दूसरा टी-20 :** कोलकाता (25 जनवरी)
- **तीसरा टी-20 :** राजकोट (28 जनवरी)
- **चौथा टी-20 :** पुणे (31 जनवरी)
- **पांचवां टी-20 :** मुंबई (2 फ़रवरी)
- **पहला वनडे :** नागपुर (6 फरवरी)
- **दूसरा वनडे :** कटक (9 फरवरी)
- **तीसरा वनडे :** अहमदाबाद (12 फरवरी)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 2, अंक 301, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव 13
अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 14

## ईडी की दलीलें दरकिनार कर कोर्ट ने दी केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

संकट में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए एक स्थानीय अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।



- ईडी ने कोर्ट से कहा- जमानत बांड पर हस्ताक्षर को 48 घंटे के लिए टाला जा सकता है

### निर्देश पर कोर्ट होना पड़ेगा पेश

कोर्ट ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे। दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई और सह आरोपियों के साथ केजरीवाल का संबंध स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन बचाव पक्ष ने कहा ईडी के पास सुबूत नहीं हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

### प्रधानमंत्री ने तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी, आज डल झील लेक पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे योग

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम क दौरान जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दिनों जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान का उल्लेख करते हुए उनहोंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है।



युवती का अभिवादन स्वीकार करते मोदी।

### इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया

मोदी ने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है।

### 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512-2548300

## बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

### सरकार ने एससी, एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया था

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।

### सरकार को झटका

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती




### भाजपा आरक्षण विरोधी : तेजस्वी

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग आहत हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग किसी भी हालत में आरक्षण को रोकने का काम करेंगे यह हम लोग शुरू से ही कहते रहे हैं और चुनाव के दौरान भी कहा था कि भाजपा के लोग आरक्षण विरोधी हैं।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

### एक नजर

#### अब आपराधिक बाहरी व्यक्ति नहीं खरीद सकेंगे उत्तराखंड में जमीन

देहरादून : अब आपराधिक बाहरी व्यक्तियों के लिए उत्तराखंड में जमीन खरीदना आसान नहीं होगा। उन्हें जमीन खरीदने के उद्देश्य के साथ ही खुद पर दर्ज आपराधिक मामलों का ब्योरा भी देना होगा। साथ ही राज्य की पुलिस के साथ ही अन्य जांच एजेंसियां भी जमीन खरीदने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक की।

#### कटनी में बदमाशों ने मैनेजर को जिंदा जलाया

कटनी। मध्यप्रदेश के कटनी जिले में स्थित एक भट्ठा कंपनी के मैनेजर को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। यहां कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछ्गवां में भट्ठा कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत सम्मू विश्वकर्मा के साथ देररात अज्ञात बदमाशों ने मारपीट करने के बाद उन्हें जिंदा भट्ठा में फेंक दिया।

## नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए। पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिस पर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो 5 मई को आयोजित परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनटीए और अन्य को नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की भी गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है। यह सब पहले दिन से ही चल रहा है और वे (कुछ याचिकाकर्ता) काउंसलिंग पर रोक चाहते हैं। हमने इससे इनकार किया है।



### केंद्र के वकील बोले-कोचिंग संस्थान याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए

केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

### याची के वकील ने पीठ से कहा- बिहार और गुजरात में मिली अनियमितिता

याची के वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं।

## संवेदनशील बने पुलिस, कोताही बर्दाश्त नहीं


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का निर्देश- आमजन की पीड़ा सुनें और समय से निस्तारण करें

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर जनता दर्शन में सामने आ रहीं पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही मामले निपटाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान राज्य के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई।

योगी ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उपचार के मद्देनजर आर्थिक सहायता के लिए आए प्रार्थना पत्रों पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं योगी ने युवाओं की भी समस्याएं सुनीं, जिस पर उन्होंने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।



मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते और उनके निस्तारण का आदेश देते हुए।

## सुपर-8 के पहले मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से दी मात




ब्रिजटाउन (बारबडोस)। सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। अर्शदीप और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने टीम को संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी की। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली।

## पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत



बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने डेविड जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

## भारतीयों का धन स्विस बैंकों में 70% घटकर 9,771 करोड़ रुपये

### गिरावट का मुख्य कारण बॉण्ड, प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट

नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से गुरुवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है।



- आंकड़ों में वह धन नहीं है जो तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर बैंक में रखे गए हैं

### स्विस बैंकों की देनदारियों या बकाया राशियों के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक

एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103 .98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (2022 के अंत में 39 .4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 42 .7 करोड़ स्विस फ्रैंक (111 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक (2 .4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30 .2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189 .6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं। एसएनबी के आंकड़ों के अनुसार, 2006 में कुल राशि लगभग 6 .5 अरब स्विस फ्रैंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी।

## पूर्व विधायक काशीराम सहित छह दोषियों को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- 12 वर्ष पहले हुए राणा शुगर मिल में लूटपाट और मारपीट के मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा
- अदालत ने प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना भी लगाया



अमृत विचारः राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।

15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर,भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था। यह प्राथमिकी राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने लिखवाई थी। इसमें आरोपियों पर लूटपाट और मारपीट करने के आरोप लगे थे। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। बुधवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया था।

## एक नजर

### अपहरण के आरोपी को जेल भेजा

**कानपुर।** बाबूपुरवा पुलिस ने किशोरी के अपहरण के आरोपी सूरज मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया 6 जून को थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने बेटी के अपहरण होने का मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को सूरज, आदित्य, संजय, धनंजय और अशोक अपहरण कर ले गए। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बगाही भट्ठा निवासी आरोपी संजय मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### 3.80 लाख की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** केडीए का प्लाट दिलाने के नाम पर 3.80 लाख रुपये की जालसाजी करने वाले को जूही पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी ने केडीए का फर्जी बाबू बनकर साथी के साथ फर्जी दस्तावेज तैयार कर किए थे। जूही इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि वर्ष 2023 में नर्वल, ताजपुर गांव निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि जूही निवासी सोहन लाल और उमेश पांडेय ने केडीए का प्लाट दिलाने के नाम पर 3.80 लाख रुपये धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपित उमेश पांडेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### उद्यमियों ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि बरसात में माल और मशीनें खराब होने का खतरा

# फजलगंज और दादा नगर में अब तक नहीं हुई नालों की सफाई

- अतिक्रमण, कूड़े के ढेर और सड़क पर बहते सीवर की समस्या का जल्द समाधान करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के उद्यमियों ने गुरुवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त उद्योग की उपस्थिति में उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं गिनाते हुए कहा कि अभी तक नाला सफाई नहीं हुई है। बरसात शुरू होने वाली है, ऐसे में जलभराव होने से माल और मशीनें खराब होने का खतरा है। अधिकारियों ने तीन दिन के भीतर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

कालपी रोड स्थित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र में हुई बैठक में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, आईआईए के कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, होजरी एसोसिएशन से बलराम नरूला, इंडस्ट्रियल एस्टेट कोऑपरेटिव से शिव कुमार गुप्ता, फाउंड्री एसोसिएशन से देव दुग्गल, लघु उद्योग भारती से राजेंद्र गुप्ता सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता उपयुक्त उद्योग सुधीर श्रीवास्तव ने की। नगर निगम से अधिशासी अभियंता अतुल पांडे, सहायक अभियंता कमलेश पटेल, अवर अभियंता अखिलेश यादव मौजूद रहे। बैठक में उमंग अग्रवाल ने कहा की औद्योगिक क्षेत्र फजलगंज व दादा नगर में नालों की सफाई नहीं हुई है। नालों में सिल्ट और कचरा जमा है। पहली बारिश में ही पूरे क्षेत्र में जल भराव हो जाएगा। इससे हर उद्योग में माल और मशीनें खराब हो सकती हैं। लाखों का नुकसान होगा। जल भराव से नालों की गंदगी फैक्ट्रियों के अंदर आ जाएगी, जिससे बीमारी फैलने का भी खतरा है। कारोबारी शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि जोन 6 के अंतर्गत इंडस्ट्रियल स्टेट में जगह-जगह गलीपिट भरी हुई है। सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है। राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि लखन होटल से रोडवेज बस स्टॉप तक रोड को सीसी बनाकर ऊंचा कर दिया है। इससे नालियां नीचे हो गई हैं और सफाई भी नहीं हुई है।



बैठक में उद्यमियों ने नगर निगम अफसरों को समस्याएं बताईं। अमृत विचार

### नाले के ऊपर हुए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**कानपुर।** शहर में नालों के ऊपर बने अवैध अतिक्रमण को तोड़ने के लिए गुरुवार को भी नगर निगम ने जगह-जगह अभियान चलाया। पांडु नगर में नाले के ऊपर बनी स्वीट हाउस के अवैध अतिक्रमण को मेयर ने अपने सामने तुड़वाया। पांडु नगर में एक दर्जन से ज्यादा गुमटियों को भी हटाया गया। महापौर ने सभी अवैध दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यहां पर फिर से दुकानें लगाई गईं तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बाबूपुरवा में भी नाले के ऊपर बने अतिक्रमण पर गिराया गया। यहां कुछ अतिक्रमणकारियों ने नगर निगम टीम का विरोध किया। पुलिस फोर्स को देखकर अतिक्रमणकारियों के हौसले पस्त हो गए। नगर निगम ने सभी अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया। अभियान के दौरान महापौर प्रमिला पांडेय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, जोन 6 के जोनल राजेश गुप्ता, जेडएसओ विजय शंकर शुक्ल समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनता -मेयर दोनों को अंधेरे में रखे अफसर

- अफसरों ने कहा- सिर्फ 4 हजार लाइटें बंद, महापौर ने कहा-नहीं मानेंगे तुम्हारी रिपोर्ट
- शहर में लगे 1.23 लाख मार्ग प्रकाश बिंदुओं की होगी जांच, स्विचमैन भी नपेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम का मार्गप्रकाश विभाग शहर की जनता को तो अंधेरे में रखे है इसके साथ ही शहर की महापौर की आंखों में भी धूल झोंकने का काम कर रहा है। गुरुवार को मार्गप्रकाश विभाग की समीक्षा में अफसरों ने जो रिपोर्ट महापौर प्रमिला पांडेय के सामने पेश की उसमें बताया कि शहर में 1.23 लाख लाइटों में सिर्फ 4153 लाइटें बंद हैं।

रिपोर्ट देखकर महापौर भी चौंक गईं और मार्ग प्रकाश बिंदुओं की जांच के आदेश दे दिये। उन्होंने कहा कि दिनभर शिकायतें आती हैं। अब मैं और मेरे पार्षद आपकी रिपोर्ट की जांच करेंगे। हम तुम्हारे लोगों की रिपोर्ट नहीं मानेंगे।

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर की अध्यक्षता में मार्ग प्रकाश विभाग की बैठक हुई।

प्रभारी मार्ग प्रकाश आरके पाल और उनकी टीम के साथ हुई बैठक महज 15 मिनट में ही खत्म हो गई। मार्ग प्रकाश के जोन प्रभारियों ने कहा कि केस्को की एबीसी लाईनों के कारण नगर निगम प्रकाश बिन्दुओं को लगाये जाने एवं कनेक्शन करने में परेशानी आ रही है।

### आपके स्विचमैन सो जाते दूसरे जलाते हैं लाइट

प्रभारी ने बैठक के दौरान जोन 6 में तैनात आउटसोर्स कर्मचारी की शिकायत की। कहा कि यह फोन नहीं उठाते। इस पर महापौर ने कड़े निर्देश दिए कि जो भी कार्य नहीं कर रहे हैं, उन्हें तत्काल हटा दिया जाए। महापौर ने कहा कि आपके स्विचमैन सो जाते हैं, दूसरे को लगाकर लाइट बंद और चालू की जा रही है। पार्षदों से जानकारी ली जायेगी एवं गलत पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी ने बताया कि मार्ग प्रकाश विभाग में 195 स्विचमैन हैं।

# महिला की मौत, हत्या का आरोप

- 30 जून 2021 लॉकडाउन में हुई थी शादी
- आरोप, मारपीट करने से शरीर पड़ गया नीला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति पर मारपीट करने पर उसका शरीर नीला पड़ जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

उन्नाव के शुक्लागंज न्यू आजादपुरम निवासी 24 वर्षीय दीपा कनौजिया की शादी 30 जून 2021 को रेलबाजार एक मिनारी मस्जिद के पास निवासी धर्मेंद्र कनौजिया से हुई थी। ओमान में नौकरी करने वाले मृतक दीपा के भाई शुभम कनौजिया ने बताया कि धर्मेंद्र चमड़ा फैक्ट्री में काम करता है। दोनों से एक बेटी मान्या है। भाई ने पुलिस से आरोप लगाया कि एक माह पूर्व पिता मोहन लाल का एक्सीडेंट हो गया था। बहन दीपा ने पति धर्मेंद्र से पिता को देख आने की बात कही। इस पर पति ने साफ मना कर दिया और मारापीटा।



दीपा कनौजिया।

इसके बाद पति समेत अन्य ससुरालीजनों ने उसे जमकर मारापीटा। जिससे उसकी शरीर नीला पड़ गया। बहन ने घर वालों से चोरी छिपे बात की तो आरोप है कि 11 जून को बहन को इतना पीटा कि उसकी हालत बिगड़ी और अचेत हो गई।

ससुरालीजनों ने मायके पक्ष को लू लगने की जानकारी देकर हैलट अस्पताल में भर्ती कराने की जानकारी दी। उसने मंगलवार रात दम तोड़ दिया। इस संबंध में रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा के अनुसार पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़खानी के विरोध पर तेजाब डालने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक पैराशूट फैक्ट्री कर्मी पर वहीं पर काम करने वाली युवती ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब डालने की धमकी दी है। पीड़िता की मां ने एफआईआर दर्ज कराई है।

कानपुर देहात निवासी महिला के अनुसार उसकी बेटी पैराशूट फैक्ट्री में अप्रेंटिस ट्रेनिंग पर है। वहां सेक्शन पी 4 कर्मचारी आर के शर्मा एक्जामनर है। वह अक्सर उनकी बेटी की फोटो खींचता है और पीछा कर छेड़खानी करता है। विरोध करने पर आरोपी उसकी अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर देने की धमकी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 15 जून को रास्ते में आरोपी जबरन बेटी का हाथ पकड़कर बाइक पर बैठाने लगा।

इस पर बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी ने तेजाब डालकर उसे जलाने की धमकी दी। इससे बेटी सहम गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# केडीए ने 7 अवैध निर्माण सील किए, 14 करोड़ की जमीन छुड़ाई

- केडीए ने जोन 4 और सेन पश्चिम पारा में चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए ने गुरुवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। जोन-4 में मानक के विपरीत बन रहे सात भवनों को सील कर दिया गया तो वहीं सेन पश्चिम पारा में केडीए ने 7300 वर्ग मीटर जमीन खाली करा ली। इस जमीन की अनुमानित कीमत 14 करोड़ 60 लाख रुपये है।

उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-4 क्षेत्र के अन्तर्गत सम्बन्धित थाना-सेन पश्चिम पारा, एम-ब्लाक, किदवई नगर, गांधीग्राम, के ब्लॉक किदवई नगर, वाई-1, ब्लाक, किदवई नगर और अजीतगंज में कई निर्माण सील किए गए। यह कार्रवाई विशेष कार्याधिकारी (प्रवर्तन जोन-4) अजय कुमार के निर्देशन में सहायक अभियन्ता सीके चतुर्वेदी, अवर अभियन्ता कैलाश सिंह व प्रवर्तन स्टाफ, विभागीय सुरक्षा बल व क्षेत्रीय पुलिस बल के सहयोग से की गई।

### 73 सौ वर्गमीटर जमीन पर चला बुलडोजर

थाना सेन पश्चिम पारा चौकी न्यू आजाद नगर के अंतर्गत ग्राम सतबरी में भी आराजी संख्या-181 की 600 वर्गमी, 166 के 4100 वर्गमी. व ग्राम सकरापुर की आराजी संख्या-409 रकबा 2600 वर्गमी. प्राधिकरण स्वामित्व की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक कुल 7300 वर्गमी जमीन की अनुमानित कीमत 14 करोड़ 60 लाख रुपये है। तहसील सदर की टीम के साथ जमीन को खाली कराया गया।




### आज का मौसम

पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। आंधी-वर्षा हो सकती है।

| 38.2° | 25.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 05 |

### शहर में आज



- **प्रदर्शन :** नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन चेतना चौराहा पर दोपहर 12 बजे।
- **ज्ञापन :** नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में भारतीय विद्यार्थी मोर्चा की ओर से डीएम को ज्ञापन सुबह 11 बजे।
- **योगाभ्यास :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर औद्योगिक विकास मंत्री नंदी की मौजूदगी में ग्रीनपार्क में प्रशासन की ओर से योगाभ्यास सुबह छह बजे।
- **योग के टिप्स :** सीएसए परिसर में योगाभ्यास के दौरान योग गुरु मदन मोहन भरतीया व डॉ. अनिल आनंदम देंगे योग के टिप्स सुबह छह बजे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# तीन साल के बाद ग्रीनपार्क को मिला अंतर्राष्ट्रीय मैच

## बांग्लादेश से दो टेस्ट की सीरीज का दूसरा मैच ग्रीनपार्क में होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 2021 के बाद अब ग्रीनपार्क को अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को सितंबर-अक्टूबर में टीम इंडिया के घरेलू मैचों का कार्यक्रम जारी किया है। जिसके तहत भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी ग्रीनपार्क स्टेडियम को मिली है। यह मैच 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक खेला जाएगा। इससे पहले टेस्ट मैच 2021 नवंबर में भारत व न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था।

भारत दौरे पर आ रही बांग्लादेश और न्यूजीलैंड क्रिकेट सीरीज का बीसीसीआई ने गुरुवार को कार्यक्रम जारी किया।

भारत 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। जिसका पहला मैच 19 से 24 सितंबर तक चेन्नई, दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक ग्रीनपार्क कानपुर में होगा। बीते दिनों यूपी क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने ग्रीनपार्क स्टेडियम की लगातार घट रही दर्शक क्षमता के कारण मैचों की मेजबानी न मिलने का कारण बताया था। यूपीसीए के मुताबिक यहां की वर्तमान दर्शक क्षमता 15 हजार के करीब है। हालांकि पीडब्ल्यूडी के अनुसार ग्रीनपार्क की क्षमता 22,230 है।

2021 में जब भारत और न्यूजीलैंड का टेस्ट मैच हुआ था तो उस समय ग्रीनपार्क की क्षमता 27,400 थी। 2021 में भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ग्रीनपार्क स्टेडियम हाउस फुल था।




- बीसीसीआई ने टीम इंडिया के घरेलू मैचों का कार्यक्रम किया जारी
- 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा टेस्ट मैच

### 1952 में हुआ था पहला टेस्ट मुकाबला

- ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच 1952 में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। ग्रीनपार्क में अभी तक कुल 23 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस वर्ष बांग्लादेश के खिलाफ होने वाला 24वां टेस्ट मैच होगा। बांग्लादेश के लिए यह पहला मौका होगा, जब टीम ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेलेगी।

### टीम इंडिया का रिकार्ड अच्छा

- ग्रीनपार्क स्टेडियम टीम इंडिया के लिए लकी रहा है। यहां पर खेले गए कुल 23 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम ने 7 में जीत, 13 ड्रा और तीन में हार का सामना किया है। वहीं 15 वनडे मैचों में भारत ने ग्रीनपार्क में 14 मैच खेले हैं, जिसमें 10 मैचों में जीत हासिल की है। ग्रीनपार्क में एक अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच के अलावा चार आईपीएल मैच भी हो चुके हैं।

## 14 लाख के गुम मोबाइल पाकर लोग बोले, थैंक्यू

**कानपुर।** शहर के लोगों के चोरी और गुम हुए मोबाइलों को क्राइम ब्रांच ने सर्विलांस टीम की मदद से बरामद करके शिकायकर्ताओं को वापस कर दिया। वह लोग मोबाइल पाकर डीसीपी क्राइम से थैंक्यू बोले। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मोबाइल चोरी और गुम होने की शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच टीम ने असली स्वामियों से संपर्क किया। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सर्विलांस पर लगाया था। टीम ने अपना काम करते हुए 75 मोबाइल बरामद किए। इन 75 मोबाइलों की कीमत तकरीबन 14 लाख रुपये है। क्राइम ब्रांच टीम ने बरामद किए गए मोबाइलों के असली स्वामियों से संपर्क किया।

गुरुवार को सभी को रेलबाजार क्राइम ब्रांच के ऑफिस में बुलाकर मोबाइल वापस किए गए। मोबाइल पाने वाले लोग खुश हुए और थैंक्यू बोला। कुछ लोगों ने यहां तक कहा कि उन्होंने अपने खोए हुए या चोरी हुए मोबाइल को वापस पाने की उम्मीद खो दी थी। लेकिन कमिश्नरेट पुलिस ने जांच करते हुए और बेहतर काम कर भरोसा दिलाया। मोबाइल पाने वाले में कहीं गृहणी, सरकारी कर्मचारी व युवक थे।

# पांडु नदी में नहाने गए दो दोस्त डूबे

हादसा

- दबौली निवासी चार किशोर गए थे नदी नहाने
- देर शाम तक किशोरों का पता नहीं चल सका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र स्थित मर्दनपुर गांव से गुजर रही पांडु नदी में नहाने गए चार किशोरों में से दो दोस्त गहरे पानी में जाने से डूब गए। आसपास के लोगों ने किशोरों की खोजबीन शुरू की, लेकिन देर शाम तक उनका कुछ पता नहीं चल सका। गुजैनी पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की।


मूलरूप से आजमगढ़, रऊनापार थानाक्षेत्र निवासी सत्य नारायण चतुर्वेदी दबौली में किराये के मकान में रहकर पेंटिंग का काम करते हैं। परिवार में पत्नी अन्नू देवी बेटी राधा व बेटा प्रियांशु चतुर्वेदी (14) है। सत्य नारायण के घर से कुछ दूरी पर कन्नौज के तिर्वा निवासी फैक्ट्री कर्मचारी संदीप मिश्रा पत्नी ममता, व बेटे आयुष (12) के साथ रहते हैं। संदीप ने बताया कि गुरुवार दोपहर बेटा आयुष, प्रियांशु व पड़ोसी निशांत व हिमांशु के साथ घर से निकला था। करीब दो बजे बेटे की पांडु नदी में डूबने की सूचना मिली। बाल-बाल बचे हिमांशु व निशांत ने बताया कि सभी साथी नदी में नहा रहे थे, इसी दौरान आयुष व प्रियांशु नहाते-नहाते गहराई में चले गए और डूब गए। शोर मचाया तो आसपास के लोग आए और नदी में तलाश की। लेकिन दोनों का पता नहीं चला।



नदी में किशोरों की तलाश करते गोताखोर। अमृत विचार



प्रियांशु।



आयुष।

### घर के इकलौते चिराग थे प्रियांशु व आयुष

प्रियांशु व आयुष अपने घरों के इकलौते चिराग थे। पुलिस ने बच्चों के डूबने की सूचना जैसे ही परिजनों को दी, दोनों के परिजन बदहवास हो गए। आयुष की मां ममता नदी किनारे बेहोश होकर गिर पड़ी। प्रियांशु की बड़ी बहन राधा व मां अन्नू बिलखती रहीं।

### पुलिस बोली, जब नदी उफनाएगी, तब पता चलेगा

- गुजैनी पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस को 2 बजे बच्चों के डूबने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन नाम पते दर्ज कर पनकी थानाक्षेत्र की बात कहते हुए लौट गई। परिजन एक घंटे तक गोताखोरों का इंतजार करते रहे। दबाव बनाने पर पुलिस ने आसपास के लोगों से नदी में तलाश शुरू कराई, लेकिन सरकारी गोताखोर नहीं बुलाए। आरोप है कि पुलिस ने कहा कि जब नदी उफनाएगी, तब ही कुछ पता चल सकेगा।

# प्री मॉनसून की दस्तक बारिश से पारा लुढ़का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तेज हवाओं और बादलों ने दिए भीषण गर्मी की विदाई के संकेत
- 2.8 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई, अगले हफ्ते से मानसून की बारिश होगी

**अमृत विचार।** शहर में गुरुवार को प्री-मॉनसून की बारिश ने प्रचंड गर्मी की विदाई के संकेत दे दिए। सुबह हल्की बारिश के बाद बादलों और तेज हवाओं ने मौसम सुहाना कर दिया। हालांकि दोपहर में तेज सूरज चमकने के कारण उमस से लोग पसीना पोछते रहे। लेकिन शाम को तेज हवाओं के साथ बादलों की आंख मिचौली और हल्की बौछारों ने लोगों को राहत दी। मौसम विभाग ने दो दिन बाद बादलों के डेरा जमाने और अगले हफ्ते मानसूनी बारिश होने की संभावना जताई है।

मौसम के गुरुवार को करवट बदलने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों ने शहर में 2.8 मिलीमीटर प्री मानसून बारिश दर्ज की। अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया। 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने मौसम खुशनुमा बना दिया। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 23 जून से शहर के मौसम में तेजी से बदलाव संभावित है। हल्के बादल छाए रहने के और शाम के समय तेज हवाएं चलने की संभावना है। आंधी और छिटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं।

# आंधी और बारिश में टूटे तार-जंपर, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कई क्षेत्रों में पूरी रात नहीं रही बिजली, दिन में भी किया परेशान

**अमृत विचार।** शहर में बुधवार देर रात आंधी और बारिश के कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत तो मिली लेकिन इस कारण आधे शहर की बिजली भी रात को गुल हो गई। तेज आंधी व बारिश के कारण केस्को के पोल व तार टूटे और जंपर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा पेड़ की डाल एचटी लाइन पर टकराने से भी कई क्षेत्रों में बिजली संकट रहा।

बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे आंधी आने के बाद लगभग दो बजे बारिश शुरू हुई। आंधी-बारिश के कारण जंपर क्षतिग्रस्त होने से कैनाल रोड फीडर, 33केवी ब्रेकर क्षतिग्रस्त होने से उद्योग कुंज फीडर, एचटी लाइन पर पेड़ की डाल टकराने से फेथफुलगंज, बुनकर फीडर व शांति नगर फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई। एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से बनियापुरवा फीडर व इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से सूर्य विहार फीडर से जुड़े घरों में बिजली आपूर्ति रात में बाधित रही। गुरुवार दोपहर दो बजे के बाद एचटी पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण हरिहर धाम व सुजातगंज फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई, जो रात नौ बजे तक नहीं आ सकी थी। इसके अलावा भी शहर के अधिकांश क्षेत्रों में रात और दिन के समय बिजली का संकट रहा, जिसके कारण लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक बिजली आपूर्ति में आई सभी समस्याओं का निस्तारण कर दिया है।


# कुएं में गिरे जानवरों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बेजुबान को बचाया।

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में स्थित छतमरा रेलमार्ग के पास 100 फीट गहरे कुएं में दो जंगली जीव गिर गए। देखते ही देखते मदद को सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने बोरी-रस्सी के सहारे जीवों को निकालने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में फायर ब्रिगेड जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि फायरमैन विश्व प्रताप सिंह ने सूखे कुएं में सीढ़ी डाली इसके बाद धीरे-धीरे एक-एक करके दोनों बेजुबानों को गोद में लेकर बाहर आए। सभी ने उनकी सराहना की।



## एक नजर

### एडमिरल ने किए जेके मंदिर में दर्शन

**कानपुर।** भारतीय नौसेना के अधिकारी एडमिरल बृजेश वशिष्ठ ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर (जेके मंदिर) में दर्शन किए। दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का भी भ्रमण किया। इसके अलावा शाम को उन्होंने संध्या आरती में भी शिरकत किया। बताया गया कि जेके मंदिर में ये उनका पहला भ्रमण था। मंदिर प्रबंधक पंकज मिश्रा ने उनको मंदिर की विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। मंदिर के भक्तिपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण से एडमिरल और उनकी टीम बहुत प्रभावित हुई।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के सुरार के रहने वाले 25 वर्षीय हिमांशु उर्फ छोटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़े भाई शिवम ने बताया कि पांच माह पूर्व उसकी शादी हुई थी। किसी बात को लेकर आए दिन पति पत्नी में कलह हो रही थी। जिसके बाद उसने बुधवार देर रात घटना को अंजाम दे दिया।



### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**कानपुर।** सचेंडी पुलिस ने फरार चल रहे हत्या के मामले में वांछित इनामिया को गिरफ्तार कर लिया है। सचेंडी के रैकेपुर चौकी इंचार्ज प्रेमवीर सिंह ने बताया कि सत्येदव शुक्ला उर्फ सत्या निवासी मर्दनपुर थाना गुजैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि सचेंडी निवासी अजय कमल की हत्या कर हाईवे पर शव को फेंक दिया था। जिसके बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया था।

### घर में गिरा वृद्ध, मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के केडीए कालोनी निवासी 84 वर्षीय श्यामलाल 17 जून को घर में चलते समय गिर गए थे। इससे उनके सिर पर काफी चोट लग गई थी। परिजनों के अनुसार वह काफी समय तक नीचे ग्रांउड फ्लोर में पड़े रहे। घर के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले गए जहां 19 जून की रात में मौत हो गई।

# युवक की सिर कूंचकर हत्या पिता और भाइयों पर रिपोर्ट

## बुधवार रात छत पर सो रहे थे पिता-पुत्र, सुबह नीचे के कमरे में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र स्थित आशा नगर में घर में सो रहे युवक की सिर कूच कर हत्या कर दी गई। घर की छत पर सो रहे पिता ने सुबह नीचे जाकर देखा तो बेटे का लहुलूहान शव पड़ा हुआ था। डीसीपी साउथ, एडीसीपी, डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम पहुंची। पत्नी ने ससुर व देवरों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मूलरूप से बिल्हौर, राधन गांव निवासी राकेश विश्वकर्मा बड़े बेटे सुभाष (45) व उसकी पत्नी नंद कुमारी के साथ रहते है। राकेश के दो बेटे नीरज व सुधीर घर से कुछ दूरी पर ही किराए के मकान में रहते हैं। राकेश के मुताबिक बहू नंद कुमारी बीते 17 जून को बच्चों अंकित (15) व खुशबू (12) के साथ फतेहपुर, जहानाबाद स्थित पनेरूआ गांव गई हुई थी। बुधवार रात वह बेटे सुभाष के साथ छत पर सो रहे थे। रात में बारिश होने के कारण बेटा नीचे जाकर कमरे में सो गया, जबकि वह छत पर ही सोते रहे। गुरुवार सुबह जब राकेश नीचे पहुंचे तो बेटे का लहुलूहान शव कमरे में पड़ा हुआ था। हत्या की सूचना पर मृतक की पत्नी मायके पक्ष के लोगों के साथ थाने पहुंची और ससुर व दो देवरों पर हत्या का आरोप लगाया। पीड़िता का आरोप है कि बाप बेटे में आए दिन मामूली बात को लेकर विवाद होता रहता था। डीसीपी ने बताया कि मृतक के सिर में चोट के निशान है। घर अंदर से बंद था, बाहर से कोई घर में आता जाता नहीं दिखा। पत्नी की तहरीर पर पिता व दो भाइयों के खिलाफ हत्या में रिपोर्ट दर्ज की है।



अचेत हो गई पत्नी को परिजनों ने संभाला। अमृत विचार



सुभाष।

- पुलिस ने मृतक के भाइयों और पिता को हिरासत में लिया

### पड़ोसियों से पिता बोला- शैतान ने मार दिया

सुभाष की मौत के बाद राकेश ने आस पड़ोस के लोगों को घटना की जानकारी दी थी। पड़ोसियों का कहना है कि राकेश उनके पास आया और बोला कि सुभाष को शैतान ने मार दिया है।

### बेटे को मानता था पत्नी की मौत का कारण

बीते 13 मार्च को राकेश की पत्नी कुसमा देवी की कैंसर से मौत हो गई थी। नंद कुमारी ने बताया कि ससुर सुभाष को ही उनकी मौत का जिम्मेदार ठहराने लगे थे, जिसके बाद वह आए दिन कहते थे कि तुम लोगों की वजह से मेरी पत्नी की मौत हुई है, तुमको भी जिंदा नहीं छोड़ूंगा।

## युवक को अगवाकर पीटा, चाकू मारा

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में आरोपियों ने एक युवक को घर से अगवा कर लिया। आरोप है, कि उन लोगों ने गंगाबैराज पर उसे जमकर मारापीटा और चाकू से वार किए। पीड़ित ने चार नामजद समेत पांच अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है। औरैया के थाना सहार के ग्राम पुरवा देवीदास निवासी रितिक कठेरिया ने पुलिस को बताया कि वह पनकी रोड कल्याणपुर में रहता है। 19 जून को शाम पांच बजे वीरू ठाकुर उर्फ हर्ष, निवासी बहादुरपुर, नीरज यादव निवासी बलीपुर, शिवम भदौरिया उर्फ पुत्तु निवासी पचपेड़ा, संजय राजपूत निवासी सिरसानी व चार पांच अज्ञात व्यक्ति असलहा लेकर घर में घुस आए। उसे घसीटकर कार में डाल कर मारते पीटते गंगा बैराज की तरफ ले गए। इसके बाद चाकू से कई बार वार किया। उसके भाई शोभित ने डायल 112 को अगवा किए जाने की सूचना दी तो पुलिस उसकी खोजबीन में जुट गई। पुलिस ने गंगा बैराज पहुंचकर उन लोगों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन आरोपी भाग निकले। इस संबंध में कल्याणपुर थाना प्रभारी केपी सिंह के अनुसार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करके तलाश की जा रही है।

# शादी की सालगिरह के दिन महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में शादी की सालगिरह के दिन फांसी लगाकर जान दे दी। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने पुलिस को बिना बताए शव को फंदे से उतार लिया। इसके बाद बांदा तिर्वा अपने गांव लेकर जाने लगे। एक रिश्तेदार ने इस बात की जानकारी उन लोगों को दी। जिस पर उन लोगों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। इस पर पुलिस ने गाड़ी रुकवाकर पति को हिरासत में ले लिया और जांच शुरू की।

मूलरूप से प्रयागराज के थाना करछना के ग्राम फत्तेहपुर की रहने वाली 28 वर्षीय स्मिता गुप्ता का विवाह सेन पश्चिम पारा के सतवरी गांव निवासी जब्बर सिंह से वर्ष 20 दिसंबर 2014 को हुआ था। दो बेटे और एक बेटी है। भाई संजीव और मुंहबोले चाचा शेषमणी ने बताया कि जब्बर एक कोल्डस्टोर में काम करता है। पति किसी महिला से बात करता था। इस बात का वह विरोध करती थी। आरोप है कि इस पर जब्बर उसे परेशान करने लगा था। आए दिन इसी बात को लेकर विवाद होता था। बताया कि इसी कारण उसने बुधवार देर रात करीब दो बजे के आसपास फांसी लगाकर जान दे दी। गुरुवार सुबह पति ने फंदे से शव को अन्य परिजनों की मदद से उतार लिया। इसके बाद अपने बांदा तिर्वा निवासी ताऊ को जानकारी देकर अंतिम संस्कार वहीं करने के लिए कहा। इस पर ताऊ ने उन लोगों को सूचना दी। जिससे बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस संबंध में सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



स्मिता गुप्ता।

- सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र की घटना, पति को पुलिस ने हिरासत में लिया

**20** जून 2014 को हुई थी शादी, महिला प्रयागराज की रहने वाली

# चमड़ा कारोबारी की मौत पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में चेकपोस्ट के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से चमड़ा कारोबारी की मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

17 जून की देर रात जाजमऊ चेक पोस्ट पर देर रात को सड़क किनारे खड़े दो युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी। जिससे चमड़ा कारोबारी अनवरगंज स्थित फूलवाली गली निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद आरिफ की 12 फीट ऊपर उछलकर सिर पर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उनका दोस्त वासिफ उर्फ शानू गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर शानू का उपचार चल रहा है। पुलिस ने अब मृतक आरिफ के भाई शेख मोहम्मद की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाना, गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

# मदरसे की छात्रा से रेप में मौलाना को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता हंसपुरम आवास विकास स्थित मदरसे में छात्रा से रेप करने के आरोपी मौलाना को एडीजे 13 की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दो आरोपी महिलाओं को दोष मुक्त करार दिया। पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ नौबस्ता थाने में रेप, जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी छात्रा गुलशन-ए-फातिमा मदरसे में आलिमा का कोर्स करती थी। पीड़िता के मुताबिक 9 जून 2019 की सुबह करीब 5:30 बजे मदरसे के मौलाना जावेद ने उसके पिता को फोन करके फार्म भरने के बहाने बुलाया था। पीड़िता ने बताया कि अकेले मदरसे जाने से मना किया तो मौलाना घर आकर ले आ गया। मदरसे में मौलाना ने चाय बनाकर दी, पीने से मना करने पर थप्पड़ जड़े और उसके साथ रेप किया। पीड़िता का आरोप था कि घटना के समय मदरसे में पढ़ाने वाली आबदा इस्लाम व शीबा उर्फ शिफा भी थीं, जिनको घटना की जानकारी देने पर उन्होंने मुंह बंद रखने को कहा। पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने तीन आरोपियों के खिलाफ नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला एडीजे 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था।


विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि अभियोजन की ओर से पीड़िता, पीड़िता की मां समेत 8 गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने आरोपी शीबा व आबदा इस्लाम को साक्ष्यों के अभाव में धारा 506 में दोष मुक्त करार दिया। वहीं आरोपी जावेद को पॉक्सो एक्ट की धारा और रेप की धारा में दोषी मानते हुए 10 साल का कारावास व 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



- एडीजे 13 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 55 हजार जुर्माना भी
- नौबस्ता थाने में पीड़िता ने दर्ज कराया था मुकदमा

### रेप व पॉक्सो के मामलों के निस्तारण में 99% रेटिंग

**कानपुर।** दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की मॉनिटरिंग करने वाले केंद्र सरकार के पोर्टल आईटीएसएसओ ने जिलेवार रेट प्रतिशत जारी कर दिए हैं। एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह के अनुसार मुकदमों के निस्तारण में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का 99 प्रतिशत रेट है जबकि अनुपालन में 90 प्रतिशत से ऊपर चल रहा है। एडीसीपी महिला अपराध ने बताया कि दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के निस्तारण अगर 60 दिनों में किया जाता है, तो उसे बहुत अच्छा माना जाता है। कानपुर में सिर्फ ऐसे मामले लंबित हैं, जिसमें शादी के मामले कोर्ट में चल रहे हैं और उनमें दुष्कर्म की धारा भी लगी है। कुछ ऐसे मामले भी लंबित हैं जिनमें मीडिएशन चल रहा। इसके अलावा दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के सारे मामले 60 दिनों के भीतर निस्तारित किए गए हैं।






# विदेशी कंपनियों ने मुंह मोड़ा मदरसों की कमर टूटी

## बकरीद पर इस बार विदेशी कंपनियां चमड़ा खरीदने नहीं आईं

जमीर सिद्दीकी, कानपुर



- आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका तक के लेदर व्यापारी करते थे बकरीद का इंतजार
- टेनरियों, लेदर कारोबारियों को करोड़ों रुपये एडवांस दे जाते थे लेकिन अबकी नहीं आए

**कानपुर।** बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी को लेकर विदेशों तक फैली अफवाहों के चलते देश को हजारों करोड़ से अधिक की चपत लगी है और मदरसों की भी कमर टूटने के कगार पर है। बकरीद पर कुर्बानी होगी या नहीं, दहशत में लोग कुर्बानी कराएंगे या नहीं, ये अफवाह फैलने के बाद यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान जैसे देशों के लेदर कारोबारियों ने मुंह मोड़ लिया। ये विदेशी कंपनियां जो भारत से चमड़े का कारोबार करती थीं, अब वे पाकिस्तान और बांग्लादेश से चमड़े का काम करने लगीं जिससे राजस्व का भारी नुकसान हुआ है।

बकरीद पर जानवरों की कुर्बानी से निकलने वाली खाल को लेने के लिए दो से तीन माह पहले विदेशी कंपनियों के जिम्मेदार पूरे भारत में चमड़ा कारोबारियों, कानपुर के टेनरी वालों और मदरसों संचालकों से संपर्क करते थे और उन्हें करोड़ों रुपये एडवांस करके कहते थे कि वे बकरीद पर निकलने वाला चमड़ा किसी और को नहीं दें, उन्हें ही दें। नतीजा ये था कि मदरसे को दान में मिलने वाली हजारों खाल में एक एक खाल की कीमत 1000 से 2000 रुपये तक बिकती थी। लेकिन कुर्बानी को लेकर ये अफवाह फैली कि सरकार कुर्बानी नहीं होने देगी जिसके नतीजे में विदेशी कंपनियों ने मुंह मोड़ लिया और इन कंपनियों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों से चमड़ा खरीदना शुरु कर दिया। अब नतीजा ये है कि कुर्बानी से निकलने वाली खाल कोई खरीदने को तैयार नहीं है, 1500 वाला चमड़ा मात्र 20 से 30 रुपये में बिक रहा है।

### ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था को बढ़ाता पशु कारोबार

- टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैयर जमाल का कहना है कि ग्रामीण अंचलों ने किसान बकरीद का इंतजार करते हैं क्योंकि उनको पता है कि बकरीद पर उन्हें जानवरों के अच्छे दाम मिलेंगे। एक एक किसान पचास-पचास जानवर पालते हैं और इसी पैसों से किसान अपने बच्चों को शादी, बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी कराते हैं। देश में लाखों किसान ऐसे हैं जो जानवरों को पालने का कारोबार करते हैं।

### एक नजर इधर भी

| | |
|---|---|
| भारत में मुसलमानों की आबादी | 22 करोड़ |
| कुर्बानी कराने वाले अनुमानित | 2 करोड़ |
| प्रति जानवर अनुमानित दाम | 15 हजार |
| पहले प्रति चमड़े का दाम | 1500 रुपये |
| अब प्रति चमड़े का दाम | 100 रुपये |

**1500**

वाला चमड़ा मात्र 30 से 100 रुपये तक में ही बिक पा रहा है इस बार

### टेनरी वालों ने भी हाथ खींच लिया

- टेनरियों पर सरकार के शिकंजे के चलते 1500 टेनरियों में 150 टेनरियां ही बची हैं, कोई टेनरी बंथरा भाग गई तो कोई पश्चिम बंगाल। जाजमऊ टेनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नैयर जमाल का कहना है कि कुर्बानी को लेकर विदेशी कंपनियों का भरोसा खत्म हो गया है जिससे ये दिक्कत आई है।

### मदरसों के संचालन में आएगी दिक्कत

मदरसा अशरफुल मदारिस के निदेशक मौलाना हाशिम अशरफी ने बताया कि विदेश कंपनियों में प्रतिस्पर्धा होती थी जिससे जो चमड़ा 1000 रुपये का होता था, वह 2000 रुपये का बिकता था। इन्हीं रकम से मदरसों का संचालन होता था लेकिन अब वही चमड़ा कोई खरीदने वाला नहीं है, 100-100 रुपये में चमड़ा बिक रहा है। तमाम लोग चमड़े को गड्ढा खोदकर गाड़ दे रहे हैं। ऐसे में मदरसों को भारी नुकसान है, मदरसा संचालन में दिक्कतें आने लगी हैं। हजारों की संख्या में ऐसे मदरसे हैं जो सरकार से अनुदान नहीं लेते हैं बल्कि ईद बकरीद पर निकलने वाली खैरात, जकात और कुर्बानी की खाल से होने वाली आय से ही बच्चों की शिक्षा, दीक्षा, रहन सहन व अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराते हैं।

# सीसामऊ के बाहरी वोटरों की जांच कराएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने की गोविंद नगर, सीसामऊ और आर्य नगर विस. की समीक्षा
- मंडल अध्यक्षों से भरवाए प्रोफार्मा, कहा, शिकायत करनी हो तो बिना बोले पर्चे में लिखें नाम

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 के नतीजों में भाजपा सीसामऊ विधानसभा एक बार फिर से हार गई। यही नहीं, पिछले पांच चुनावों से पार्टी यहां विधानसभा चुनाव भी हार रही है। इसको देखते हुये अब पार्टी ने सीसामऊ के बाहरी वोटरों की जांच कराने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर पार्टी चुनाव आयोग से अपील करेगी, ताकि उन्हें बाहर किया जाये। गुरुवार को सीसामऊ, गोविंद नगर और आर्य नगर विस. की समीक्षा करने शहर आये राज्यसभा सदस्य व प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने सीसामऊ सीट पर संभावित उप-चुनाव के लिये अभी से कील-कांटे दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान, राशन और पीएम आवास योजना समेत सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की सूची भी बनाने के निर्देश दिये।

नवीन मार्केट स्थित उत्तर कार्यालय में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में तीनों विधानसभा की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें अमरपाल मौर्य के साथ ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हर्षवर्धन आर्य रहे।



विधानसभाओं की समीक्षा बैठक में अमरपाल मौर्य के साथ, हर्षवर्धन आर्य और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सुरेश अवस्थी। अमृत विचार

दोनों पदाधिकारियों ने जिला पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी से तीनों विधानसभाओं को लेकर एक-एक बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2022 से 2024 के बीच में तीनों ही विधानसभा में वोट प्रतिशत और अंतर कम हुआ है। उन्होंने जानने का प्रयास किया कि इसका क्या कारण है, हमसे कहां चूक हुई। उन्होंने कहा कि क्या हमसे दलित वोट खिसक रहा है? महिलाएं, मध्य वर्ग पार्टी के बारे में क्या सोच रहा है? हमारी योजनाओं का उनपर कितना प्रभाव है? युवा की भाजपा को लेकर क्या सोच बदली है? इसका जवाब जानने का प्रयास किया जाए।

**मंडल अध्यक्षों से भरवाया फार्मेट, पूछे नामः** मौर्य ने इस दौरान एक फार्मेट तीनों विधानसभा के मंडल अध्यक्षों से भरवाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी की भी शिकायत करनी है तो सार्वजनिक नाम नहीं लेना है। फार्मेट में ही बने अलग स्थान पर गोपनीय तरीके से शिकायत कर सकते हैं।

समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों ने मौर्य से कहा कि कमिश्नरेट होने की वजह पुलिस उनकी नहीं सुनती। अधिकारी भी मनमानी कर रहे हैं। जनता का काम लेकर जाओ तो भी नहीं सुनते इसका नुकसान हमें चुनाव में उठाना पड़ता है। बैठक में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सुरेश अवस्थी, अनूप अवस्थी, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, पूनम कपूर, रंजीता पाठक रीता शास्त्री आदि रहे।

### समीक्षा के बाद सुरेश अवस्थी की पदाधिकारी से तीखी झड़प

**कानपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और आर्य नगर पूर्व प्रत्याशी सुरेश अवस्थी की समीक्षा बैठक के बाद मंडल महामंत्री जनरलगंज गोपाल शरण मिश्रा से तीखी झड़प हो गई। भाजपा के सूत्रों के अनुसार गोपाल शरण मिश्रा ने समीक्षा के दौरान शिकायत करते हुये कहा कि मेरा परिवार बीमारी की वजह से हैलट में जूझ रहा था डॉक्टर सुनते नहीं हैं। किसी ने मेरी मदद भी नहीं की। यह बात जब सुरेश अवस्थी को पता चली तो उन्होंने मंडल महामंत्री से कहा कि तुमने मुझे क्यों नहीं बताया तो मंडल महामंत्री ने कहा कि आपको फोन किया तो कोई रिस्पांस नहीं दिया। जिसके बाद सुरेश अवस्थी आग बबूला हो गये और मंडल महामंत्री को खरी-खोटी सुना दी। इस बीच समीक्षा करने आये अमर पाल मौर्य ने सुरेश अवस्थी को शांत कराते हुये कहा कि हम इसी लिये आये हैं कि कार्यकर्ता का सुख-दुख जान सकें।

### हजरत दादा मियां का कुलशरीफ 7 जुलाई को

**कानपुर।** बेकनगंज स्थित हजरत दादा मियां का दो दिवसीय उर्स मुबारक 6 जुलाई से आरंभ होकर 7 जुलाई को कुलशरीफ और दुआ के साथ समाप्त होगा।

गुरुवार को हजरत दादा मियां मस्जिद में हुई बैठक की अध्यक्षता खानकाह के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने की। सज्जादानशीन ने बताया कि सैयद शाह गुलाम रसूल उर्फ हजरत दादा मियां का उर्स मुबारक की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हजरत दादा मियां मस्जिद के पेशइमाम मौलाना सैयद अबू मोहम्मद आतिफ ने बताया कि 6 जुलाई को रात में नातिया मुशायरा, जलसा होगा।

# एआई से जैन प्रतिलिपियों को रखा जाएगा सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में आचार्य श्री विद्यासागर सुधासागर जैन शोधपीठ की शुरुआत हो गई। गुरुवार को विश्वविद्यालय में हुए समारोह के दौरान शोधपीठ की खासियतें भी बताई गईं। इस दौरान बताया गया कि जैन दर्शन के पुराने शोध पत्रों में मौजूद ज्ञान के भंडार को सुरक्षित रखने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का भी प्रयोग किया जाएगा।

वीरांगना लक्ष्मीबाई सभागार में हुए समारोह में दो सत्रों में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। आईआईटी के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि भारत का प्राचीन साहित्य जिसे जैन दर्शन में आगम कहा गया है, वह पांडु लिपियों के रुप में इधर-उधर बिखरा पड़ा है, यह पीठ उसको एकत्र कर ओसिआर टेक्नांलॉजी के माध्यम से संरक्षित करने का काम करेगी। आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर इन प्राचीन साहित्यों के आपसी सम्बन्धों को एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से स्थापित करने का कार्य करेगी। यह भविष्य के शोध के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। मंत्री असीम अरुण ने कहा विश्व गुरु बनने से पहले विश्व शिष्य बनना जरूरी है। हम अपनी रिसर्च की जबरजस्त मार्केटिंग भी करें, जिससे हम इस रिसर्च को जन-जन तक भेज सकें। उन्होंने कहा कि जैन धर्म हमें त्याग और तपस्या का रास्त दिखाता है।



जैन शोधपीठ की शुरुआत करते कुलपति प्रो. विनय पाठक, मंत्री असीम अरुण।

समारोह के दूसरे सत्र में सभापति प्रो फूलचंद जैन प्रेमी वाराणसी, डॉ श्रेयांस कुमार जैन, बड़ौत ने जैन सिद्धांत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक प्रासंगिक पर अपना वक्तव्य दिया। अतिथि वक्ता डॉ आशीष जैन आचार्य शाहगढ़, पवन जैन दीवान, डॉ अंगद सिंह व वीरेन्द्र जैन शास्त्री मौजूद रहे।

customercare.pdpl@lalpathlabs.com
www.paliwaldiagnostics.in
25 स्वर्णिम वर्ष 1997-2022
25 साल से अधिक आपका विश्वसनीय हेल्थ मित्र
NABL & ISO CERTIFIED LAB
पालीवाल डायग्नोस्टिक्स
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अन्य विभिन्न हेल्थ पैकेजस के लिये काल करें।
लैब जैसी सुविधा अब घर पर भी
स्वच्छता सुविधा भरोसा
हमारे विभिन्न किफायती हेल्थ पैकेजेस में से आज ही चुने, अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाईन पर संपर्क करें।
सुविधाएं
सी.टी. स्कैन ✦ एक्सरे (डिजिटल) ✦ अल्ट्रासाउन्ड ✦ टी0एम0टी0
पैथोलॉजी ✦ कलर डॉप्लर ✦ ई0ई0जी0 ✦ आई एण्ड ईयर
ओ0पी0जी0 ✦ इको कार्डियोग्राफी ✦ ऑडियोमेट्री ✦ पी0एफ0टी0
21 उत्कृष्ट लैब्स | 158 + कलेक्शन सेंटर्स | 173 + पिकअप पॉइंट्स | 9.99 लाख कुल पेशेंट प्रतिवर्ष (2021-22) में
मुख्य लैब : 117/एच-1/02, पाण्डु नगर, जे.के. मन्दिर के सामने, कानपुर-05
फोन : 0512-2335500, 2235821, 2232962
24 घंटे लैब सेवा
विश्वस्तरीय क्वालिटी आकर्षक दरों पर किफायती स्वास्थ्य परीक्षण
होम कलेक्शन / हेल्पलाईन नं. 9305028499,6390335500,7311130006
मुख्य शाखा लैब
परख डायग्नोस्टिक सेन्टर
37/17 वेस्टकॉट बिल्डिंग कैम्पस, द मॉल, कानपुर
फो.: 0512-2363605, 2304005, 9919406571
साउथ ब्रान्च
मातृ छाया बिल्डिंग 621/37, W-2 बर्रा
निकट सचान गेस्ट हाउस
फोन: 9335093357, 9838900770

# बिजली के खंभे में दौड़ा करंट तीन लोगों की हालत गंभीर

## करंट की चपेट में आए सभी लोग एक ही परिवार के हैं

संवाददाता, बिल्हौर



करंट की चपेट आए लोग।

● एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में सभी चिपकते गए

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के सांभी गांव में गुरुवार की सुबह बिजली के खंभे में करंट दौड़ गया। झाड़ू लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया। उसे बचाने के प्रयास में एक के बाद एक कर परिवार के तीन सदस्य करंट की चपेट में आ गए, जिसमें तीन लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

सांभी गांव में दिलीप सविता घर के बाहर झाड़ू लगा रहा था, तभी वह दरवाजे पर गड़े बिजली के खंभे में करंट की चपेट में आ गया। उसके मुंह से निकली चीख सुनकर पड़ोस में रहने वाला राकेश सविता बचाने के लिए दौड़ा तो वह भी करंट की चपेट आ गया। इस बीच घर से बाहर निकला राकेश का पुत्र गौतम और बेटी तन्वी भी उन दोनों को बचाने के लिए पहुंच गए। हाथ लगाते ही ये दोनों भी करंट की चपेट में आ गए। एक के बाद एक कर चार लोगों के चिपकने से हड़कंप मच गया। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने सूझ-बूझ दिखाते हुए लाठी-डंडे से चारों लोगों को खंभे से अलग किया और फौरन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दिलीप, राकेश और तन्वी को गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया। दिलीप को उसके परिजनों ने बिल्हौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। राकेश और तन्वी का हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### अर्थिंग वायर से दौड़ा करंट

हादसे की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। छानबीन के दौरान पता चला कि खंभे से बंधी घरेलू केबल से पोल के अर्थिंग वायर में करंट प्रवाहित हुआ, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

### बारिश में खंभे से रहें दूर

अधिशाषी अभियंता अनुज सेठ का कहना है कि खंभे में करंट दौड़ने की जांच कराई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में ट्रांसफार्मर या बिजली के खंभे से दूर रहें। बरसात में जमीन से अर्थ मिलने पर अक्सर ट्रांसफार्मर व पोल में करंट उतर आता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका रहती है।

# दिया 5जी और 5जी प्लस नेटवर्क का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आईआईटी के विशेषज्ञों ने मानकों, जटिलताओं और संचालन की जानकारी दी

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में गुरुवार को दूरसंचार विभाग के अधिकारियों को 5जी व 5जी प्लस नेटवर्क का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें स्वदेशी 5जी नेटवर्क और डिजाइन की जटिलताओं के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व आईआईटी कानपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. रोहित बुद्धिराजा ने किया। इनके शोध समूह ने भारत के पहले स्वदेशी 5जी नेटवर्क को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उन्नत तकनीक को टाटा-तेजस नेटवर्क और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया गया है।

तीन दिनों के प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को 5जी फिजिकल लेयर, नेटवर्क आर्किटेक्चर और उन जटिल लेयर्स के बारे में गहन जानकारी दी गई, जिनके माध्यम से बेस स्टेशन से उपयोगकर्ता उपकरण तक डेटा संचारित किया जाता है।

कार्यक्रम में 5जी नेटवर्क कनेक्शन, कोडिंग, मॉड्यूलेशन, रेट मैचिंग और मल्टीपल एंटीना तकनीकों की बारीकियों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र में एम्बिएंट आईओटी, एआई-एमएल, अनुप्रयोग और उच्च सटीकता वाली पोजिशनिंग सिस्टम जैसी तकनीकें शामिल थीं।

प्रतिभागियों को आईआईटी कानपुर में 5जी प्रयोगशाला का दौरा करने और लाइव स्वदेशी 5जी नेटवर्क पर प्रयोग भी कराया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी, श्याम विजय गढ़ई, ज्योतिर्मय सैनी, अभिषेक कुमार सिंह, अभिषेक समुंद्रे और सुमन मलिक शामिल रहे।

# सीएचओ व स्टाफ नर्स स्वास्थ्य केंद्रों में जांचेंगे सर्वाइकल

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में गुरुवार को सर्वाइकल कैंसर की जांच व पहचान के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। 25 कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) व स्टाफ नर्स ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षित सीएचओ और स्टाफ नर्स स्वास्थ्य केंद्रों में लक्षण युक्त मरीजों की जांच करेंगे।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता व कैंसर ओपीडी प्रभारी प्रो. पाविका लाल ने सभी को प्रशिक्षण दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. नीना गुप्ता ने बताया कि यह प्रोजेक्ट चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा स्वास्थ्य के संयुक्त तत्वावधान से मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को दिया गया है। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य केंद्रों में जांच की सुविधा शुरू की जाएगी। कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या प्रो. रिचा गिरि, डॉ. सीमा रहीं।

# स्पार्किंग की चिंगारी गिरने से तीन घर जले

संवाददाता, घाटमपुर



सरखेलपुर गांव में मकान से उठता धुआं।

● पीपल की डाल टूटने से तारों में हुई स्पार्किंग

**अमृत विचार:** क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में पीपल की डाल टूटकर गिरने से एचटी लाइन में स्पार्किंग से निकली चिंगारी कूड़े के ढेर में जा गिरी और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से तीन घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर निवासी गुड्डन ने बताया कि उनके घर के पास से एचटी लाइन निकली हुई है। बुधवार की शाम एचटी लाइन के ऊपर पीपल के पेड़ की डाल टूटकर जा गिरी। डाल तार पर गिरने से स्पार्किंग हुई, जिससे निकली चिंगारी कूड़े के ढेर में जा गिरी। जब तक ग्रामीणों कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। आग ने गुड्डन के घर से होते हुए बगल में उसके भाई पुत्तन और पड़ोसी परशुराम के घर को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने जनरेटर से सबमर्सिबल पंप चलाकर आग बुझाने की कोशिश करने के साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक आग की चपेट में आने से तीनों घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया है।

## सार-संक्षेप



सेमीफाइनल में पहुंचे विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### सेमीफाइनल में पहुंचा महाकाल स्पोर्ट क्लब

**घाटमपुर।** कस्बे में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को टॉस जीतकर महाकाल स्पोर्ट ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। अनुग्रह वारियर की टीम 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 106 रन ही बना पाई। अनुग्रह वारियर की तरफ से हितांशु सिंह ने 41 और आयुष ने 21 रन बनाए। महाकाल के गेंदबाज यश सचान ने 4 और उज्जवल ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल की टीम ने 6 विकेट खोकर 11 ओवर मां ही मैच जीत लिया। महाकाल के बल्लेबाज युवराज सिंह ने 33, फैज़ान ने 27 और अभय ने 23 रन बनाए। अनुग्रह वारियर के गेंदबाज सिद्धार्थ और हितांशु ने 2-2 विकेट लिया। यश सचान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यहां पिंटू सिंह, देवेंद्र सिंह राणा, शैल सोनी, नृपेंद्र सचान, भूप किशोर आदि मौजूद रहे।



गोपाला ग्रींस सोसाइटी में योग करते लोग। अमृत विचार

### मन-मस्तिष्क रहे शांत, करें रोज योग व ध्यान

**कानपुर।** भारत विकास परिषद शाखा, रतनलाल नगर और हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गोपाला ग्रीन्स सोसाइटी में वरिष्ठ प्रशिक्षक वीएन निगम के मार्गदर्शन में नि:शुल्क ध्यान शिविर लगा। हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक वीएन निगम, अजीत पांडिया और डॉ. सुशील कुमार ने प्राणायाम और व्यायाम कराए। याददाश्त को अच्छा रखने के लिए मंडल समन्वयक शालिनी श्रीवास्तव और सीए अजीत कुमार पांडिया ने व्यायाम कराए। प्रशिक्षक पवन मिश्रा, शाखा अध्यक्ष सतीश चंद्र, सत्य प्रकाश, सुधीर कपूर, अजय मेहरोत्रा, सोसाइटी के अध्यक्ष आरके दीक्षित, विमला दीक्षित उपस्थित रहे।

### केस्को में हुआ योगाभ्यास

**कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत बुधवार को केस्को मुख्यालय व अन्य कार्यालय में योग अभ्यास किया गया। योगाभ्यास का प्रशिक्षण वरिष्ठ योग चिकित्सक आचार्य विपिन कुमार पथिक, योगाचार्य वर्तिका पाल आर्य, योगाचार्य सुनील सिंह यादव, योग शिक्षिका दीक्षा गुप्ता, जल योगी पंकज जैन, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.दुर्गेश, योगाचार्य राहुल यदुवंशी, नाड़ी योग विशेषज्ञ उमाशंकर श्रीवास्तव, योगाचार्य शैलेंद्र पाल ने कराया। राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी प्रतिष्ठा ने कठिन योग की प्रस्तुति बाबा भोलेनाथ के भजन के माध्यम से की। योगाभ्यास में केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन, मुख्य अभियंता सुनील कुमार गुप्ता समेत आदि अभियंता व स्टाफ मौजूद रहे।

# तिलक समारोह में युवती के भाई की करंट से मौत

**चौबेपुर।** चौबेपुर थानाक्षेत्र के जगुआपुरवा गांव में गुरुवार रात बहन का तिलक चढ़ाने आए भाई की करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। घटना के बाद खुशी का माहौल में मातम छा गया।

जगुआपुरवा गांव निवासी रामदास के बेटे विकास का गुरुवार को तिलक समारोह था। घाटमपुर क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर थाना रेवना निवासी राकेश अपनी बेटी का तिलक लेकर आए थे। टेंट में लगे लोहे के खंभे में करंट आने से राकेश का बेटा 23 वर्षीय रोहित करंट की चपेट में आ गया। उसे रामा अस्पताल लेकर गए, जहां से कार्डियोलाजी रेफर कर दिया गया। वहां उसकी सांसे थम गईं। कार्यक्र में मातम पसर गया।

# शिक्षा को समर्पित होगा हुसैन दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हुसैनी फडरेशन की बैठक में बनी रणनीति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कर्बला के मैदान में शहीद हुए पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में होने वाले हुसैन दिवस को इस बार शिक्षा को समर्पित किया जायेगा।

गुरुवार को हुसैनी फेडरेशन की बैठक जाजमऊ स्थित मस्जिद अल्लाहो अकबर में आयोजित की गई। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ उलमा भी उपस्थित रहे। बैठक में 50वें हुसैन दिवस समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। बच्चों की शिक्षा पर भी जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि इस वर्ष हुसैन दिवस समारोह के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। नवंबर में होने वाले समारोह का आयोजन दो दिवसीय होगा। समारोह के पहला दिन शिक्षा को समर्पित रहेगा। दूसरे दिन हजरत इमाम हुसैन की याद में जलसा होगा। डा. जुल्फिकार अली रिजवी ने बताया कि बच्चों को तालीम से जोड़ने के लिए उलमा का सहयोग भी लिया जाएगा। शिक्षा के लिए ग्वालटोली, जूही, बाबूपुरवा, जाजमऊ, कर्नलगंज में मर्कज बनाए जाएंगे। यहां बच्चों का मार्गदर्शन किया जाएगा। परीक्षाओं में प्रथम आने वाले बच्चों को इनाम भी दिया जाएगा। बैठक में हुसैनी फेडरेशन के चेयरमैन कबीर जैदी, मौलाना शाहिद इमाम बाकरी, मौलाना अलमदार हुसैन, मौलाना जोहरीकैन, मौलाना जिशान, मौलाना हामिद हुसैन, रईसुल हसन रिजवी, इसरार हुसैन जैदी, अली अख्तर रिजवी, मुशर्रफ हुसैन रिजवी, इब्ने हसन जैदी, शोएब जैदी, ताजदार हुसैन जैदी, सादात हुसैन, जामिन रिजवी, इफ्तिकार हुसैन ने शिरकत की।

# योग से मन और शरीर रहता स्वस्थ

**कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में योग पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। योग एंबेसडर अरविंद ने अष्टांग योग की जानकारी दी और प्राणायाम कराए। डॉ.अनुपमा गुप्ता ने हार्ट फुलनेस मेडिटेशन पर ध्यान कराया। उन्होंने बताया कि योग न सिर्फ मन और शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि जीवन को संपूर्ण और सफल बनाता है। योग आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ.मनीषा ठाकुर ने प्रथम स्थान, हार्ट फुलनेस मेडिटेशन में डॉ. इति मिश्रा ने द्वितीय स्थान और डॉ. सहर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। योग प्रभारी इंचार्ज डॉ. सीमा द्विवेदी, डॉ. जलज सक्सेना, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ सुनीति पांडे, डॉ. सीमा निगम, डॉ. रूपा डालमिया, डॉ. सुरैया अंसारी, डॉ.आनंद नारायण मौजूद रहे।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते डॉक्टर। अमृत विचार

### ककवन पंचायत में कराया गया योग

**बिल्हौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पखवाड़ा के तहत गुरुवार को ककवन ग्राम पंचायत में योग प्रशिक्षक स्मिता वर्मा ने लोगों को योगाभ्यास कराया। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि शुक्रवार को सभी विभाग अपने कार्यलयों में योग दिवस मनाएंगे। बिल्हौर इण्टर कालेज में योग कराया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी शामिल होंगे। इस मौके पर ककवन बीडीओ शिवनरेश राजपूत, योग सहायक वीरेश कुमार, पंचायत सहायक दीक्षा राठौर, रोजगार सेवक सुधीरकांत पाल आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के लिए सांसद ने लिखा पत्र

**शिवराजपुर:** मिश्रिख लोकसभा सीट से चौथी बार सांसद चुने गए अशोक कुमार रावत ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण की सिफारिश की है। उन्होंने क्षेत्र में लगभग 51 किलोमीटर संपर्क मार्गों को चौड़ा करने और सुदृढ़ीकरण करने के लिए पत्र लिखा है।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को लिखे गए पत्र में मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र की बिल्हौर विधानसभा के कई सम्पर्क मार्गों पर यातायात अधिक होने का हवाला देते हुए लगभग सात मीटर तक चौड़ा करने की मांग उठाई है।

उन्होंने शिवराजपुर जीटी रोड से काकूपुर रब्बन-खेरेश्वर धाम, जीटी रोड से हरनू गांव, चौबेपुर से वंदीमाता रोड, गौरी भगवंतपुर से मुश्ता-कासमऊ मार्ग, उत्तरीपूरा जीटी रोड से राधन मार्ग, डुड़वा-जमौली आदि सम्पर्क मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है।

सांसद प्रतिनिधि रवि प्रकाश बाजपेई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए सांसद ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव से लखनऊ में मुलाकात की है और सड़कों को दुरुस्त व चौड़ी करने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख सचिव की ओर से सांसद की सिफारिश को जल्द अमलीजामा पहनाने के प्रति आश्वस्त किया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** | पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, संस्थानों और विभागों में योग दिवस पर होंगे आयोजन

# योग का संदेश देने आज उमड़ेंगे हजारों लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नानाराव पार्क में योग करते शहरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को शहर में पार्कों, सार्वजनिक स्थलों और विभिन्न संस्थानों में योग के जरिए निरोग रहने का संदेश दिया जाएगा। ग्रीनपार्क, मोतीझील, नानाराव पार्क, टीएसएच, परशुराम वाटिका, संजय वन, सीएसए कृषि विवि, सीएसजेएमयू, शर्करा संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों और विभागों में योग दिवस मनाने की तैयारी की गई है। अनेक सामाजिक संगठनों ने लोगों को एकजुटता के साथ योग दिवस मनाने का आमंत्रण भेजा है।

केंद्र और राज्य सरकार के विभागों, प्रतिरक्षा संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों के अलावा शिक्षा विभाग में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपार्टमेंट और सोसाइटी में भी योग दिवस होगा।

**नंदी करेंगे ग्रीन पार्क में योग:** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री व नगर के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ग्रीनपार्क में योग करेंगे। प्रशासन की ओर से ग्रीनपार्क में योग शिविर का आयोजन होगा। जिसमें सुबह छह बजे प्रभारी मंत्री योगाभ्यास करेंगे।

### दिव्यांग योग कार्यक्रम हुआ

◆ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत 'दिव्यांग योग' कार्यक्रम विश्वविद्यालय में गुरुवार को मनाया गया। मल्टीपरपज हॉल में हुए कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी रहे। कार्यकम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति विश्वनाथ गुप्ता, इंडिया बुक आफ रिकार्डस् लता टाक, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)


**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

प्रवेश प्रारंभ



**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

**फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट**

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वद्यिालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेन्ट) मो. 9956248504

# समस्त जनपद वासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

!! स्वयं को बदलो, जग बदलेगा - योग से सुखमय, हर दिन खिलेगा !!

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू सिंह
समाजसेवी, मोहान हसनगंज

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राज प्रोजेक्ट
सभी प्रकार के आई पी फाइल्स, मॉडल्स के कार्य होते हैं। कलर एंड ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंटिंग एंड फोटोकॉपी, हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग से संबंधित सभी कार्य किये जाते हैं।
320 आदर्श नगर जे के कॉलोनी कानपुर
मो- 9415442419
प्रोपराइटर - नरेन्द्र सिंह

मुख्यमंत्री पुरुस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय सिंह
सरपंच
दुआ, ब्लॉक बिछिया, जिला-उन्नाव

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम तिवारी (अभिकर्ता) भारतीय जीवन बीमा निगम
आनन्देश्वर बुक एजेंसी - स्कूल ड्रेसेज मो0-8840396214

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवांशु मिश्रा (अखिल) प्रान्वी इन्टरप्राइजेज
म्यूचुअल फण्ड डिस्ट्रीब्यूटर मो0-9795480493

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय प्रजापति
Wedding | Video | Product

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इन्द्रमोहन
सदस्य जिला पंचायत हसनगंज

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मनोज श्रीवास्तव
विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र
डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, कानपुर
संरक्षक
अभ्युदय सेवा संस्थान
भारत विकास परिषद
चंद्रशेखर आजाद शाखा उन्नाव
उन्मुख संस्था
अभेद्य कायस्थ महासभा

शिक्षा विभाग की ओर से
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार पांडेय
खंड शिक्षा अधिकारी बिछिया, उन्नाव

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर सिंह सिंह डिस्ट्रीब्यूटर
बिंदा नगर पोनी रोड शुक्लागंज उन्नाव

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ALFA ACCADMY
Near Srp Little School Opp.vmart Shuklaganj Unnao
Maths By Arvind Maurya 7355579763 9889787789

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवीण मिश्रा भानू
निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजयुमो

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सिटी केयर हॉस्पिटल
डॉ. शशिकान्त यादव
(B.Sc, BPT) - CSJM University
Intern. Hallet Hospital
New Kanpur City Hospital Gurudev Kanpur
निकट सफीपुर मोड़, परियर-उन्नाव Mob.: 7897045505

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहारा हॉस्पिटल
स्थान- परियर (निकट आर्यावर्त ग्रामीण बैंक) जि0 उन्नाव
डॉ0 चमन कुमार वनवानी
MBBS MD (Medicine) Gold Medalist
ICU / NICU / HDU
ऑपरेशन थियेटर, प्राइवेट वार्ड की सुविधा।
सभी प्रकार के ऑपरेशन एवं सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज होता है।
Dr. Mohsin Ali
Director, BAMS
Mob.: 7800293401, 9026313419

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गुड्डू शुक्ला समाजसेवी हसनगंज

अंतर्राष्ट्रीय 21 जून
योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कौमुदी पाण्डेय
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गंगाघाट
सन्दीप पाण्डेय
पूर्व सैनिक / राष्ट्रीय खिलाड़ी

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान प्रतिनिधि
सुधीर कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत पापरि
प्रधान
अमित यादव
ग्राम पंचायत शाहपुर
प्रधान प्रतिनिधि
रामखेलावन
ग्राम पंचायत जुझारपुर
ग्राम प्रधान
अशोक कुमार
रायपुर नवादा
प्रधान प्रतिनिधि
विनोद कुमार मिश्रा
ग्राम पंचायत मऊमुस्तपुर
विकास खंड सफीपुर, उन्नाव

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सत्रमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।


## संपादकीय

# टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

# फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं : रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहतार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एव्ल्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुझाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैंः रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं,लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है,जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।


सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है,लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

## प्रसंगवश

# जनमत कैसे बदल जाता है

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे,वे सभी पढ़े-लिखे हों,ऐसा भी नहीं,गरीब भी थे,अमीर भी थे,अलग-अलग धर्म और जातियों के थे,लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था,उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया,लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया,उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा,तब लोगों ने कहा कि भाई,टिकट बना दो,जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न,पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया,जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे,उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा-ठीक है,पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं,जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं,वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

# अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ,जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों,कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं,अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

कुछ स्थापनाओं की तो इस चुनाव में भद पिट गई। जैसे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बस एक जुमला ही साबित होकर रह गया। गहरा विश्वासघात हुआ है उनके द्वारा जो लाभार्थी योजनाओं का सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उनका विश्वास भाजपा को न कभी हासिल हुआ है और न होगा। यह बात और सबको तो पता है मगर मोदी जी ही गांठ बांधे बैठे हैं। इस मुगालते से अलग होकर ही नई रणनीति का श्रीगणेश करना होगा। भाजपा को इंडी गठबंधन से भी अधिक फीसद वोट मिला है,मगर इसके बावजूद हार देखनी पड़ी है जिससे एक बात तो बड़ी राहत है कि भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक आज भी इंटैक्ट है। बस उसे बिछड़ों को सहेजना भर है,जो उसके कोर वोट बैंक के सापेक्ष बहुत कम है और यह टास्क बहुत मुश्किल नहीं है। अभी के बिछड़ों को तनिक से मान मनौवल और भरोसे से वापस लाया जा सकता है। इसके पहले कि विपक्षी कोई नया कुचक्र न रच दें। साथ ही भाजपा को अपने कोर वोट को भी संभाले रखना होगा। ब्राह्मणों को खास तौर पर। उन्हें लगातार यह लगता रहता है कि यह सरकार उनकी निरंतर उपेक्षा करती रही है। वे केवल और केवल सनातन और हिन्दुत्व के चलते भाजपा का दामन थामे हुए हैं।

मुझे समझ आता है कि इतनी करारी हार के बाद भी भाजपा नेतृत्व अभी भी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर हवाई किले बनाने में लगा हुआ है। मतदाता अभिनंदन यात्रा काहे निकाल रहे हो भाई। किस खुशी में? इन थोथे उपक्रमों से आम वोटर झांसे में आने वाला नहीं। विपक्ष ऐसी यात्रा निकालता तो उचित भी था। वह मौन होकर अपनी-अगली रणनीति में जुटा है और आप हवाई कारनामों में समय जाया कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# देश की वर्तमान स्थिति

भारत की अर्थव्यवस्था की सुधरती स्थिति के कारण आज वह विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। यदि यह वृद्धि ऐसी ही होती गई तो आने वाले वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। ऐसी भविष्यवाणी प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री जी ने देश के 9.25 करोड़ गरीब किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। सरकार 82 करोड़ व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहले से ही बांट रही है। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा 142 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में यदि इतने व्यक्तियों को सरकारी भीख पर जीवनयापन करना पड़े तो फिर ऐसी अर्थव्यवस्था का क्या करना जो कुछ कारपोरेट घरानों में कैद है? देश की राजधानी दिल्ली में पेयजल के गंभीर संकट के समाधान में केंद्र,दिल्ली सरकार, सर्वोच्च न्यायालय असफल हो गए हैं, नीरो जेल में बैठकर वंशी बजा रहा है। आम चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अतिक्रमण हटाने हेतु बुलडोजर गरज रहा है। अवैध निर्माण हटना चाहिए साथ ही साथ जिन अधिकारियों ने धन लेकर यह अवैध मकान बनवाए,उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। क्या किसी सरकार में साहस है कि वह इन अवैध अतिक्रमण पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे हटाए तथा दोषियों को दंड दे? बिहार के अररिया जनपद में बकरा नदी में 12 करोड़ रुपए की लागत से बना तथा उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा पुल ढह गया। पिछले वर्ष भी एक पुल ऐसे ही ढहा था। लगता है बिहार में पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। अब फिर से जांच कर दोषी को दंडित करने की घोषणा होगी। देखें 'सुशासन बाबू क्या फरमाते हैं? नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देश में छात्र उद्वेलित हैं और गहराई से इसकी जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इसका संज्ञान ले चुका है। देखें,क्या परिणाम होता है। वैसे विगत वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से अब लगने लगा है कि हम सफल परीक्षा संचालित करा ही नहीं सकते। प्रत्येक परीक्षा के बाद कुछ लोग पकड़े जाते हैं,लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

-फेसबुक वॉल से

# वैश्विक स्तर पर रोजगार और पूंजी निर्माण का साधन है योग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं।

आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। अवैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। कुछ समय पहले तक जिस योग को ऋषि-मुनियों की साधना और स्वस्थ जीवन का आधार समझा जाता था। आज की तारीख में योग सबसे तेज गति से बढ़ने वाला कारोबार भी बन गया है। देश-विदेश में लोगों पर योग का ऐसा जादू चढ़ा है कि यह अब एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुका है।

योग भारत की सबसे प्राचीन विधा है और इसे वैश्विक मान्यता भी मिल चुकी है। योग को समूचे विश्व के लिए भारत का अनुपम उपहार कहा जा सकता है। महात्मा गांधी भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को आज पूरी दुनिया में एक नई दृष्टि से देखा जाने लगा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के यूएन के निर्णय से यह साफ है कि एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा की यह जीवन पद्धति विश्व पटल पर स्वीकार की जा रही है और इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। साफ है योग वह जरिया बन गया है जिससे प्राचीन काल से समृद्ध रही भारतीय सभ्यता-संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। दरअसल योग एक विचार नहीं,बल्कि भारतीय जीवन पद्धति है जिसमें भारतीय जीवन मूल्य समाहित हैं। पश्चिम के देशों में योग का विस्तार तेजी से हो रहा है। 1990 के दशक में पश्चिम के देशों में हुए वैज्ञानिक शोधों से यह निकलकर आया कि लाइफ स्टाइल के कारण उत्पन्न बीमारियों के कारगर इलाज के लिए योग अचूक है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा और इसका प्रसार होने लगा। दुनिया में 100 श्रेष्ठ नौकरियों की सूची में योगा प्रशिक्षक भी शामिल है। भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं। योग टीचर को अच्छी नौकरी माना जाता है। अमेरिका में एक अनुभवी योग टीचर की सालाना कमाई करीब 42 लाख रुपये तक होती है। योग का बाजार भारत में 490 अरब रुपए का हो चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट शोध के अनुसार भारतीय बाजार जल्दी ही 875 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। विदेशों में खासकर अमेरिका (12 अरब डॉलर, करीब डेढ़ लाख योग कारोबारी), ब्रिटेन(1.15 अरब डॉलर), चीन (6.6 अरब डॉलर) एवं आस्ट्रेलिया (62.1 करोड़ का व्यवसाय) में यह एक उद्योग का रुप ले चुका है। योग परिधान पर दुनिया का बाजार करीब 31.1 अरब डॉलर का है,जबकि योग मैट का कारोबार 13 अरब डॉलर है। योग में वेलनेस टूरिज्म, योग रिट्रीट आदि से 915 अरब डॉलर का कारोबार है। योग की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर हिंदी सीखने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भाषा सीखाने वाले डूओलिंगों के अनुसार दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं को सीखने वालों में सर्वाधिक लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत के बाहर पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई है।

भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़े प्रोडक्ट्स का बाजार 12 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। एक सर्वे के अनुसार योग करने वालों की तादाद में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। योग से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी तेजी से बढ़ी हैं। आज योग का बहुत बड़ा बाजार है जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सीखने वाले लोगों की संख्या करीब 25 करोड़ है। इसके साथ ही योग टीचर्स की मांग सालाना 35 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। देश में योग ट्रेनिंग का कारोबार करीब 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। योग साधना का माध्यम भी है और कमाई का साधन भी है। योग दिवस शुरू होने का अमेरिका में योग बाजार पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ा है इसकी बानगी इन आंकड़ों में दिखती है। 2008 के एक आंकड़े के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ लोग योग करते थे,लेकिन 2016 में यह बढ़कर 3.67 करोड़ पर पहुंच गया। जिस रफ्तार से योग करने वाले बढ़े, उसी रफ्तार से योग सीखाने वाले स्कूल भी अमेरिका में खुले। 2008 में सिर्फ 818 योग स्कूल थे अब ये 4000 का आंकड़ा पार कर गया है। आज की तारीख में अमेरिका में योग का बिजनेस करीब दो लाख हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। सबसे खास यह है कि अमेरिका में 37 प्रतिशत योग करने वाले 18 साल से कम उम्र के हैं।

योग एलाइंस की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में अमेरिका में 3 करोड़ 60 लाख लोग योग से स्वस्थ रहने के तरीकों को अपना रहे हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत अमेरिकी योग के बारे में जानते हैं,जबकि 2012 में 70 प्रतिशत को ही इसके बारे में जानकारी थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी योग के मुरीद हैं। उन्होंने कहा योग अमेरिका में आध्यात्मिक अभ्यास की एक सार्वभौमिक भाषा,धर्म और संस्कृतियों की कई रेखाओं को पार कर गया है और लाखों अमेरिकी योग को अपने स्वास्थ्य और समग्र ध्यान में सुधार करने के लिए अपना रहे हैं। ईरान,पाकिस्तान और अरब समेत कुल 47 इस्लामिक देशों ने भी योग के महात्म्य को समझा और इसे स्वीकार किया। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पूंजी निर्माण का बेहतर साधन बन चुका है।

# यज्ञ,टोटके और आशिष से बारिश

भीषण गर्मी से त्रस्त लोग ऊपर मेघों के लिए देख रहे हैं। कहीं-कहीं बारिश शुरू भी है। भाग्य अपना-अपना। मेघों का आगमन दैवाधीन है,फिर भी मानव अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ प्रयत्न भी करता ही है। ऐसे प्रयत्नों में धार्मिक अनुष्ठान पहले नंबर पर आते हैं। मेघों के स्वामी इंद्र देव हैं। उनकी प्रसन्नता अभीष्ट होती है। वेदों में इन्द्र की स्तुतियां की गई हैं। यज्ञ से भी वृष्टि होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि "प्राणी अन्न पर निर्भर हैं,अन्न वृष्टि से होता है,वृष्टि बादलों से और बादल यज्ञ से'। हालांकि उस विधि विधान से यज्ञ कराने वाले मिलना मुश्किल है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संत के आगमन से भी वृष्टि हो सकती है। अंग देश (वर्तमान भागलपुर) के रामायणकालीन राजा रोमपाद ने अपने देश की अनावृष्टि समाप्त करने के लिए विभांडक ऋषि के पुत्र ऋष्यश्रृंग को अपने राज्य में बुलवाया था। उन्होंने इस कार्य हेतु वैश्याएं नियुक्त की थीं। ऋषि ने यज्ञ भी करवाया था। वृष्टि हुई थी, पर आज के संत तो प्रायः भौतिकता में लिप्त हैं। संगीत शास्त्र के मेघ और मल्हार राग भी मेघों को वशीभूत करते हैं। गांव गिरांव में टोटके होते हैं। लेदा मांगने वाले आते हैं। गर्मी में उघारे बदन वे गरम जमीन पर लोटते-पोटते हैं,लोग उन पर पानी डालते हैं। वे गाते हैं, "ल्यादा ल्यादा पानी दे, पानी दे गुरधानी दे। गगरी है छूंछी, बैल पियासे,कारे मेघा पानी दे। ल्यादा ल्यादा पानी दे"। यही नहीं,यदि अतिवृष्टि हो तो उसके भी टोटके हैं। स्त्रियां तवे पर जलता अंगार रखकर ऊपर बादलों की ओर फेंकती हैं। इस सबके अतिरिक्त आशीर्वाद और शुभकामना से भी मेघ वशीभूत होते देखे गए हैं। "मेघदूत" में कालिदास के विरही यक्ष ने रामटेक पर्वत से अलकापुरी में रह रही अपनी नव विवाहिता पत्नी के पास मेघों को अपना संदेशवाहक दूत बनाकर भेजा है। यक्ष ने कहा है कि "हे मेघ! यदि तुम मेरा यह संदेश मेरी प्रिया तक सफलतापूर्वक पहुंचा दोगे,तो तुम्हें तुम्हारी प्रेयसी बिजली का वियोग कभी नहीं होगा'।

# बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

## न्यायालय ने 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत छह साल की बच्ची से हुए दुष्कर्म के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने 4 जनवरी-2023 को पुरवा कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि शाम करीब चार बजे उसकी छह वर्षीय बेटी घर के पीछे संजय व मोनू गुप्ता के कमरे के सामने खेल रही थी। तभी मोनू गुप्ता का साला आलोक उर्फ पूती पुत्र सुरेश निवासी गांव सरवन खेड़ा थाना गजनेर जिला कानपुर देहात ने उसे अकेला पाकर साथ ले गया और बेटी से दुष्कर्म किया था। खून से लथपथ वह घर लौटी और पूरी बात उसे बताई। इस पर आलोक को उसकी बहन ने कहीं भगा दिया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज था। तत्कालीन सीओ दीपक कुमार ने जांच के बाद पर्याप्त सुबूत जुटाते हुए करते हुए पाक्सो में कोर्ट में एक मार्च-2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलीलों और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने आरोपी आलोक उर्फ पूती को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### चेयरमैन के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू जारी



**बांगरमऊ।** गौतम बुद्ध नगर की विशेष कोर्ट सेक्टर-20 ने स्थानीय नगर पालिका परिषद के चेयरमैन रामजी गुप्ता निवासी मोहल्ला कटरा वार्ड नंबर चार के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने एसएचओ बांगरमऊ को निर्देश दिए हैं कि चेयरमैन एसपीआईएल 136 एनआई एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जल्द कोर्ट में पेश करें। चेयरमैन के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी होना पालिका सभासदों और क्षेत्रीय नागरिकों में चर्चा का विषय बना है।

## बेटे की मौत के 11 दिन बाद पिता ने तोड़ा दम

**हसनगंज उन्नाव ।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मुस्तफाबाद गांव निवासी एक वृद्ध का शव बुधवार शाम माइनर किनारे पड़ा मिला। परिजनों ने बीमारी से मौत की बात बता पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। लेकिन शोसल मीडिया पर संदिग्ध मौत की खबर वायरल होने पर पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। इसमें हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई।

कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी कल्लू (75) बुधवार दोपहर अजगैन कोतवाली क्षेत्र की राजा बाग बाजार गए थे। गांव के पास हमीरपुर माइनर की पटरी पर वह गश खाकर गिर गए। गुरुवार को शोसल मीडिया पर उनकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने की खबर वायरल हो गई। हालांकि, अमृत विचार ऐसी किसी भी वायरल खबर की पुष्टि नहीं करता है। खबर वायरल होने पर पुलिस गांव पहुंची और जांच की। बेटे पिंटू शर्मा ने बताया कि बीमारी के चलते पिता की मौत हुई है और उसने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बता दें कि बीती 9 जून को दिवंगत वृद्ध के बेटे हरिओम का शव बरामदे में मिला था।

# दिव्यांग का घर से मिला कई दिन पुराना शव

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- दुर्गंध आने पर पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने की जांच

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत दिव्यांग का शव उसी के घर में बेड पर पड़ा मिला। दुर्गंध उठने पर पड़ोसियों की सूचना पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर दाखिल हुई तब उसे शव पड़ा मिला। कोतवाली अंतर्गत नगर के मोहल्ला पन्नी टोला निवासी प्रमेश (30) पुत्र स्व. उमेश कुमार दोनों पैरों से दिव्यांग था । माता पिता की मौत और भाई राजू व पिंकू के दिल्ली में मजदूरी करने की वजह से वह घर में घर में अकेला रहता था। रविवार के बाद से वह पड़ोसियों को नहीं दिखा। गुरुवार को उसके घर से दुर्गंध उठने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ अरविंद कुमार और एसएचओ राजकुमार पहुंचे और किसी तरह दरवाजा खोल के अंदर दाखिल हुए जहां उसका शव घर के अंदर बेड पर पड़ा था। हालत देख कर शव के कई दिन पुराने होने की आशंका जताई गई। फोरेंसिक टीम ने भी बारीकी से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। एसएचओ राजकुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण पता लगेगा।



मौके पर जांच करती पुलिस टीम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दो पक्षों में कहासुनी के बाद फायरिंग की चर्चा

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी में बुधवार रात दो पक्षों में वाहन निकालने को लेकर हुई कहासुनी के बाद बात इतनी बढ़ी की एक पक्ष ने दो राउंड हवाई फायरिंग कर दी। सोशल मीडिया पर भी इसकी गुरुवार को चर्चा रही। बताते हैं कि दोनों पक्षों में बाद में समझौता भी हो गया। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि विवाद हुआ था। फायरिंग की सूचना गलत है।

### 4 साल की बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल कैद

**फतेहपुर।** चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाई। 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें 20 हजार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दिए जाएंगे।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि हथगाम क्षेत्र निवासी ने 2022 में चार साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसके मुताबिक 21 अगस्त 2022 को उसकी बेटी दरवाजे पर खेल रही थी तभी गांव का मासूम उसे बहाने से अपने साथ ले गया। गांव किनारे उसने बच्ची से रेप किया। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बच्ची समेत 12 गवाहों ने बयान दर्ज कराए, जिस पर अभियोजन पक्ष से रविदत्त द्विवेदी ने जिरह की। साक्ष्य, पीड़िता, वादी के बयान और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर पॉक्सो जज महेंद्र कुमार द्वितीय की अदालत ने युवक को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि घटना के वक्त बच्ची की उम्र चार वर्ष थी, केस की सुनवाई में दो साल लगे। छह वर्ष की बच्ची ने कोर्ट में घटना की जानकारी दी।

### खेत में लगे तारों में दौड़ रहे करंट से किसान की मौत

**खागा।** खेत में लगी फसल को अन्ना मवेशियों से बचाने के लिए तार लगाकर बिजली का करंट चालू कर दिया गया। किसान की तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों को जब जानकारी हुई तो खेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुलतानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव के रहने वाले कंधई (50) सुबह जंगल जा रहे थे। गांव के रहने वाले उदय प्रताप सिंह ने अपने खेत में लगी फसल को अन्ना मवेशियों से बचाने के लिए तार लगाकर बिजली का करंट दौड़ा दिया था। कंधई की तार में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो खेत मालिक उदय प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर शव उठने नहीं दिया। पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अस्थाई मार्ग क्षतिग्रस्त, रोज हो रहे हादसे, लगता है जाम

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** आम ग्राम वासियों की राय है कि सरकारी महकमा कहीं भी लोगों को परेशान करने में नहीं चूकता, इसी का निष्कर्ष है कि हरदोई उन्नाव मार्ग पर सफीपुर के पास स्थित महंदीखेड़ा पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा वैकल्पिक मार्ग के तौर पर खानापूर्ति के लिए बनाया गया स्थाई मार्ग लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनता जा रहा है

बताते चले उन्नाव से लेकर हरदोई एवं दिल्ली तक को जाने वाला उन्नाव हरदोई मार्ग पर सफीपुर कस्बे के निकट महदीखेड़ा गांव के पास बनी पुलिया अक्सर लोगों के लिए खतरा बनती जा रही थी कई बार हिंदी दैनिक अमृत विचार अखबार में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने पुलिया का नवीन तरीके से निर्माण कार्य शुरू कर दिया था जो बीते दो से अधिक महीनो से जारी है, एवं अवगमन के लिए उसी के नजदीक वैकल्पिक मार्ग के तौर पर अस्थाई मार्ग लोगों के लिए मिट्टी एवं बड़े-बड़े रोड डालकर बना दिया था प्रतिदिन हजारों की संख्या में चलने वाले वाहनों की वजह से सड़क पर पड़ी मिट्टी हट जाने से अब रोडे ही रोडे नजर आते है जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं आम हो गई है एवं उसे वैकल्पिक मार्ग पर बने गड्ढों के कारण वहां धीरे-धीरे निकलता है जिस कारण लंबा जाम भी लोगों को झेलना पड़ता है

- महंदीखेड़ा पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति पर होने से समस्या



हरदोई उन्नाव मार्ग पर सफीपुर के पास महंदी खेड़ा पुलिया निर्माण के कारण बना अस्थाई मार्ग। अमृत विचार

**मार्ग से जनप्रतिनिधियों के अलावा गुजरते हैं कई बड़े अधिकारी** : इसी स्टेट हाइवे के महदीखेड़ा पुलिया के पास बने अस्थाई मार्ग से दिन में कई कई बार विधायकों से लेकर तमाम बड़े जनप्रतिनिधि से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी गुजरते हैं लेकिन किसी का ध्यान इस कुंभकर्णी निंदा में सोए पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित कर यह वैकल्पिक मार्ग ठीक कराने में नहीं जाता।

### वैकल्पिक मार्ग से निकलने में लगता है डर

सफीपुर से प्रतिदिन उन्नाव जाने के जाने वाले वीरेंद्र कुमार मिश्रा कहते हैं कि मुझे इस वैकल्पिक मार्ग से निकलने में ही डर लगता है इस सड़क पर इतने गड्ढे हो चुके हैं कि डर रहता है कि किसी हादसे का शिकार ना हो जाए। भारत विकास परिषद के महासचिव हरिपाल सिंह कहते हैं कि सांसद से लेकर विधायक तक इसी वैकल्पिक मार्ग से गुजरते हैं जो किसी भी समय पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित कर सकते हैं परंतु किसी का जू नहीं जागता। फूलमाले का कारोबार करने वाले देवकीनंदन सैनी बताते हैं कि वह प्रतिदिन इसी मार्ग से निकलते हैं वैकल्पिक मार्ग पर अधिक गड्ढे हो जाने के कारण उन्हें लोडर पलटने का डर लगा रहता है या डर बरसात होने के साथ-साथ और बढ़ता जाएगा सफीपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष उत्तम निषाद कहते हैं कि वैकल्पिक मार्ग भी डामरीकरण के साथ बनाया जाता तो बेहतर रहता क्योंकि इसी मार्ग पर लोगों से लगभग 1 साल गुजरना है बड़े-बड़े रोडे लोगों के लिए जानलेवा है

### क्या बोले जिम्मेदार

इस विषय पर एसडीएम सफीपुर नवीन चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित कर मार्ग को ठीक कराया जाएगा।

## फुटपाथ पर मिला महिला का शव

**फतेहपुर।** भीषण गर्मी के बीच एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव सड़क किनारे फुटपाथ पर पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज मोहल्ला में हस्वा कस्बे की रहनी वाली महिला अस्वरी बेगम (37) का संदिग्ध परिस्थितियों में शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महिला के रिश्तेदार ने बताया कि टीबी की बीमारी से ग्रसित चल रही थी और इलाज न होने से मौत हो गई। महिला शहर में रहकर भीख मांग कर गुजर बसर करती थी। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक 37 वर्षीय महिला का शव फुटपाथ पर पड़ा हुआ था।

# यमुना में नहाने गए छह साथी डूबे, दो की मौत

संवाददाता, खागा-फतेहपुर

- खखरेरू थाना के परवेजपुर गांव के पास नदी में उतरे थे युवक

**अमृत विचार।** खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में यमुना में साथियों संग नहाने गए दो की नदी में डूबकर मौत हो गई। उनके चार साथियों को ग्रामीणों ने बचा लिया। घटना की जानकारी पर पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।



हसनैन

खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में गुरुवार को यमुना नदी नहाने गए अलग-अलग गांव के छह युवक अचानक नदी में डूब गए। इसमें मोहम्मद हसनैन खान पुत्र एहसान खान निवासी हकीमपुर खंतवां और मोहम्मद फैसल खान पुत्र अरशद खराद वाले निवासी जहांगीर नगर गहुरा की डूबकर मौत हो गई। इस बीच चीखपुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह चार साथियों में वकार अहमद पुत्र मोहम्मद खुर्शीद अहमद निवासी अंजना कबीर, फैज अहमद पुत्र अकील अहमद निवासी कबरा, अनश खान पुत्र आफाक खान निवासी हकीमपुर खंतवा, हसन उल्ला पुत्र हबीब उल्ला निवासी हकीमपुर खंतवा को जान बचा ली।

वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फैसल खान पहले नदी में डूबने लगा था। इस दौरान उसे बचाने के लिए हसनैन भी नदी में कूद गया। जिससे वह भी डूबने लगा। बाकी चार साथियों ने भी उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके।

# नाबालिग बहनों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- हरदोई जिले के एक गांव से परिजनों को बिना बताए आईं

अमृत विचार। हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत एक गांव की दो नाबालिग बहनें घर से बिना बताए रोडवेज बस से दिल्ली जा रही थीं। किशोरियों की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें हरदोई पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के अस्थाई बस स्टैंड पर बस से समझा बुझाकर नीचे उतारा और अपने साथ ले गई। जहां उन्हें परिजानों के सुपुर्द कर दिया।

थाना कासिमपुर अंतर्गत एक गांव की दो नाबालिग बहनें गुरुवार सुबह घर से बिना बताए चलीं आईं। पुलिस के मुताबिक दोनों बहनें एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर उन्नाव रोडवेज बस स्टैंड पहुंचीं। यहां से बस में बैठकर दिल्ली जाने के लिए बस में बैठ गईं। उन्होंने दोन बस दिल्ली का टिकट भी लिया था। पिता ने बेटियों को गायब देख पुलिस की मदद ली। सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस करते हरदोई पुलिस उन्नाव और फिर बांगरमऊ आईं । जहां कोतवाली गेट के पास अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड के निकट दिल्ली जाने वाली लिए बस से दोनों बहनों को समझा कर नीचे उतारा और थाने लाई। जहां उन्हे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। चर्चा रही कि किशोरियों के साथ एक युवक भी था।

## लालच देकर ठगे 2.91 लाख

**औंग।** एक व्यक्ति को लालच देकर करीब तीन लाख रुपये बाजार में लगा दिए गए। जिसके बाद पीड़ित को न ही उसका लाभ मिला और न ही उसकी रकम वापस मिली। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी श्रेया मिश्रा पुत्री स्व नरेश मिश्रा ने लिखित तहरीर देकर उसके साथ हुई 2.91 लाख की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर में पीड़ित ने बताया कि जनवरी माह में फेसबुक अकाउंट के माध्यम से शेयर बाजार विश्लेषण ग्रुप से उसे जोड़कर ग्रुप संचालक अधीरा वर्मा व बीरेंद्र कुमार ने शेयर बाजार में फायदा होने का लालच दिया। कुछ खरीदने के लिए प्रेरित किया।

# समर कैंप के समापन पर छात्र छात्राओं को किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- केंद्रीय विद्यालय में 6 को शुरू हुआ था समर कैप
- बच्चों ने पोस्टर मेकिंग सहित अन्य गतिविधयों में लिया भाग

**अमृत विचार।** केंद्रीय विद्यालय में 6 जून से शुरू समर कैप का समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षकों ने कैंप में शामिल छात्र-छात्राओं को जहां विभिन्न खेलों के गुर सिखाए। वहीं विषय विशेषज्ञों ने बच्चों को विभिन्न विषयों की महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं। वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ती के लिए लगन और समर्पण से प्रयास करना चाहिए, जिससे सफलता प्राप्त होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

इस 15 दिवसीय समर कैंप में शामिल सभी विद्यार्थी तय समय पर विद्यालय पहुंचकर अलग-अलग गतिविधियों में सहभागिता करते रहे। कैंप समन्वयक कमल किशोर के कुशल मार्ग दर्शन में बच्चों ने जहां पोस्टर मेकिंग सहित अन्य गतिविधयों में शामिल होकर स्वयं की रचनात्मकता बढ़ाने का प्रयास किया। वहीं अमिर खान के मार्ग दर्शन में एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों से संबंधित जानकारियां अर्जित कीं। इस दौरान बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता के तहत स्केटिंग, जूडो, ताइक्वांडो, तीरंदाजी, योग, बाक्सिंग व कबड्डी आदि खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अनुशासन और टीम वर्क की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। कैंप के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी गई प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रस्तुतीकरण के बीच साथी बच्चे, अभिभावक व शिक्षक बार-बार तालियां बजाने को मजबूर रहे। प्रधानाचार्य महिपाल सिंह ने समर कैंप की सफलता के लिए अभिभावकों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम में बच्चों को विद्यालय भेजना और समापन कार्यक्रम में सहभागिता साथ सराहनीय है। अंत में कैंप

डीएम के निर्देश | विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी ने अधिकारियों की बैठक की

# समय पर लक्ष्य पूरे नहीं किए तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी ने अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों का मूल्यांकन, अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड व प्राथमिकता में शामिल 37 बिन्दुओं की समीक्षा की।

सीएम डैशबोर्ड व शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता में शामिल सोलर लाईट, एमओयू मानीटरिंग, खराब ट्रांसफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एम्बुलेंस, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं व आयुषमान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे-मील, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य सम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना व मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की प्रगति संबंधी गहन समीक्षा की। डीएम ने कहा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की सीएम स्तर से नियमित समीक्षा कराई जाती है। इसलिए सभी विभागाध्यक्षों को कार्यसंस्कृति में अपेक्षित सुधार करना चाहिए। समयबद्धता से लक्ष्य न पूरे करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कहा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण कराना सीएम की प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए विभागाध्यक्षों को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई शिकायती पत्र अनिस्तारित नहीं रहना चाहिए। विशेष संदर्भित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। इसी तरह समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरण भी वरीयता से निस्तारित कराए जाएं। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पाण्डेय, पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. नीलम सिंह, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता हरदयाल अहिरवार व जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



समीक्षा बैठक में विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

# सीडीओ ने विकास भवन में सफाई के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने गुरुवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के दफ्तर में साफ-सफाई एवं कार्यालय पटल सहायकों को पत्रावलियों के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

विकास भवन से संचालित विभिन्न विभागों में साफ सफाई न होने के कारण सीडीओ ने सभी विभागाध्यक्षों को सख्त चेतावनी दी थी। अमृत विचार में बीती 14 जून को प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर लेकर गुरुवार को सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने विकास भवन का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने सभी कार्यालयों में सफाई के साथ साथ फाइलों के रखरखाव को भी देखा। जिसमे बाल विकास विभाग, समाज कल्याण कार्यालय सहित अन्य विभाग देखें। जिसके प्रकाशित ख़बर में विकास भवन परिसर में खराब पड़े आरओ प्लांट को देखा जो जर्जर स्थित में था। जिसकी रिपेरिंग नही हो सकती थीं। इसलिए टेंडर करवाकर विकास भवन परिसर में नया आरओ प्लांट व वॉटर कूलर दोनों लगाने को कहा। साथ ही भवन पुराने होने के कारण कमरों, शौचालयों व विभागों में लगा फनीचर बहुत दयनीय दशा में हैं। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि सफाई के निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
दि0 29-03-2014 को उपडाकघर कादीपुर, सुलतानपुर में कु0 अंशिका पुत्री प्रमोद कुमार सिंह के नाम से रू0 पचास हजार 50,000/ का वर्षीय राष्ट्रीय बचत-पत्र क्रय किया था आगे चलकर विद्यालय में प्रवेश के समय आधार कार्ड में अंशिका के स्थान पर शिखा सिंह लिखा दिया गया जिसके कारण राष्ट्रीय बचत पत्र का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अंशिका एवं शिखा सिंह दोनों एक ही लड़की का नाम है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी- 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मोह्ल पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शहनाज खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानों अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शहनाज खातून व शाहीन बानों दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान-4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/0 ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है। की भूमि प्रबन्धक समिति छीछेमऊ की खुली बैठक दिनांक 24- 6-2024 दिन सोमवार को की जाएगी। जिसमें आवास के लिए भूमि आवंटन व अन्य विषयों पर विचार किया जाएगा। यह सूचना ग्राम प्रधान श्रीमती राधा सोनी व लेखपाल वकार अहमद द्वारा दी गई है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम FATIMA KHAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम FATIMA रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये I- D/O: RASHEED AHMAD, R/O: MIRZAGANJ PO MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **-रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम पंकज कुमार लिखा है जबकि मेरा सही नाम पंकज कुमार सिंह है मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाय तथा अभिलेखों में यही दर्ज हो। **-प्राथी पंकज कुमार सिंह पिता श्री ईश्वर प्रताप सिंह जन्मतिथि 08/08/1980, पता-ग्राम शिवरहा पोस्ट हुजूरपुर जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश पिन नं-271872**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **जैनब रिजवी पुत्री सैय्यद हसन आबिद रिजवी, निवासी- 185/16/1खकान मंजिल (बगिया) वजीरगंज, लखनऊ** मेरे हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व आधार कार्ड में मेरा नाम जैनब रिजवी तथा जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज है जो सत्य एवं सही है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश सैय्यद जैनब आबिद रिजवी व जन्मतिथि 18.05.2002 दर्ज जो गलत है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम व जन्मतिथि मेरे शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड के आधार पर जैनब रिजवी व जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल-चलन अच्छा न होने के कारण संबद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक-अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी- जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।

# गंगा में सीधे गिर रहे नाले, आस्था पर भी ठेस

## एनजीटी, कोर्ट की रोक के बावजूद मिश्रा कॉलोनी से लेकर इंद्रा नगर, जाजमऊ तक कई छोटे-बड़े नाले गिर रहे

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



मिश्रा कॉलोनी गंगा विशुन घाट पर नाले का गंगा में जाता पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा का निर्मल व स्वच्छ रखने के लिये केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। इसके बावजूद मिश्रा कॉलोनी से लेकर इंद्रा नगर और जाजमऊ क्षेत्र तक कई छोटे-बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। जो गंगा को प्रदूषित कर रहे हैं। वहीं पालिका की ओर से इन नालों के गंदे पानी को बायो रेमिडिएशन से पानी को शुद्ध किया जायेगा। जिससे गंगा का पानी प्रदूषित न हो।

मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ स्थित चंदन घाट तक दर्जनों छोटे बड़े नाले सीधे गंगा में गिर रहे हैं। इसके अलावा मिश्रा कॉलोनी की ओर कई घरों का गंदा पानी सीधे गंगा में बहाया जा रहा है। पालिका ने कई बार ऐसे मकान मालिकों को नोटिसें भी जारी की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की। जिस कारण सीधे गंदे नाले गंगा में बहाये जा रहे हैं। वहीं चंपापुरवा, गोताखोर के सामने एक बड़ा नाला सीधे गंगा में गिर रहा है। चौबीस घंटे नाले का पानी गंगा में जाने से जल प्रदूषित हो रहा है। वहीं ठीक बगल में मिश्रा कॉलोनी के दर्जनों घरों के नालियों का गंदा पानी भी गंगा में गिर रहा है। लेकिन पालिका के जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंच रही है। वहीं जिला प्रशासन व पालिका द्वारा समय समय पर गंगा को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम करके लाखों खर्च भी किये जा चुके। मगर पालिका गंगा में सीधे गिर रहे नालों को अभी तक बंद नहीं कराया गया। जो स्वच्छता और गंगा को स्वच्छ निर्मल रखने के लिये मुंह चिढ़ा रहे हैं।

### एसटीपी के कार्य में भी देरी

शासन ने इंद्रा नगर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी प्रस्तावित किया है। जिसका कार्य सुस्त गति से चल रहा है। अभी कब तक इसी तरह गंगा में नाले गिरते रहेंगे। कार्य पूरा होने के बाद पानी को ट्रीट कर गंगा में गिराए जाने की बात कही जा रही है।

● पालिका के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

### बायो रेमिडिएशन से गंदे पानी को किया जायेगा शुद्ध

बायो रेमिडिएशन विधि से गंगा में गिरने वाले नालों में लिक्विड फॉर्म में मौजूद एंजाइम डाले जाएंगे। रिएक्शन से स्लज में बैक्टीरिया ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ा देता है। नाले की जो भी गंदगी होती है, वह लिक्विड फॉर्म में तब्दील हो जाती है।

### बोले जिम्मेदार

जिन स्थानों पर नाले गंगा में गिर रहे हैं वहां पर केमिकल युक्त ड्रम रखवाये जायेंगे। जिससे पानी शुद्ध होकर गंगा में जायेगा। जब तक एसटीपी नहीं बन जाता है, तब तक इसी तरह गंदे पानी को रोक जायेगा।

–मुकेश कुमार मिश्रा, ईओ पालिका गंगाघाट

## घर में पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दरियाई खेड़ा में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव उसके घर में पड़ा मिला। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई शुरू की। पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं हो सका। बिसरा सुरक्षित किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के दरियाईखेड़ा मोहल्ला निवासी सुशील यादव (37) पुत्र स्व. सुखलाल शराब पीता था। इसी वजह से उसकी शादी नहीं हुई थी। मजदूरी में मिले रुपए वह शराब में उड़ा देता था। माता पिता की मौत और बड़े भाई संजय के अलग रहने से वह घर अकेला रहता था। पूरन नगर मोहल्ला निवासी बड़ी बहन मालती उसे खाना खिलाती थी। बुधवार रात वह खाना खाने नहीं आया। रात में बहनोई रामनिवास ने फोन किया तो वह भी नहीं उठा। उन्हें लगा कि शराब के नशे में सो गया होगा। वह उसे उठाने पहुंचे तो सुशील चारपाई पर मृत पड़ा मिला। पुलिस ने जांच कर पोस्टमार्टम कराया। शराब का लती होने से मौत का सही कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

## सार-संक्षेप



जांच करती फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

### फोरलेन किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला वृद्ध का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत कुंदन रोड पावर हाउस के सामने झाड़ियों में एक वृद्ध का शव पड़ा मिला। पुलिस व फील्ड यूनिट ने जांच कर आगे की कार्रवाई की। वहीं परिजनों ने वृद्ध की मौत पर शक जताया है। बिसरा सुरक्षित किया गया है। बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र सकरौली गांव के मजरा नैनसुखखेड़ा निवासी गंगा महेश (60) पुत्र स्व. रामदुलारे यादव अकरमपुर स्थित बीयर फैक्ट्री में छह साल से काम कर रहा था। वह यहीं किराए का कमरा लेकर रहता था और गांव भी आता जाता था। दो दिन पहले वह गांव से लौटा था। गुरुवार सुबह उसका शव संदिग्ध हालात में उन्नाव–शुक्लागंज फोरलेन पर कोतवाली क्षेत्र के कुंदन रोड पावर हाउस के सामने झाड़ियों में मिला। राहगीरों की सूचना पर कोतवाली पुलिस व फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और जांच की। उसके शरीर पर जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले। परिजनों को जानकारी देने बाद शव मोर्चरी भेजा गया।



रेलवे पुल के डाउन लाइन पर पटरी बदलते कर्मचारी। अमृत विचार

### दो घंटे का ब्लॉक लेकर बदली गई पटरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन को लेकर रेलवे विभाग की ओर से ट्रैक के दुरस्तीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गुरुवार को भी पीडब्ल्यूआई ने दो घंटे का ब्लॉक लेकर रेलवे पुल पर डाउन लाइन की जर्जर पटरी बदलने का कार्य किया। इसी दौरान गिट्टी पैकिंग का भी कार्य कराया गया। गुरुवार को रेल पथ निरीक्षण रेल कर्मियों के साथ गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां उन्होंने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर 01:50 बजे से 03:50 बजे के बीच दो घंटे का ब्लॉक मिला। ब्लॉक मिलने के दौरान रेल कर्मियों ने रेलवे पुल के डाउन लाइन पर जर्जर पटरी को हटा कर नई पटरी डालने का काम किया। इसी ब्लॉक अवधि के दौरान रेलवे पुल से लेकर रेलवे यार्ड के बीच डाउन लाइन पर ही गिट्टी पैकिंग का कार्य किया गया। कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

### कंटेनर की टक्कर से लोडर चालक की मौत

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान–बांगरमऊ मार्ग के अकबरपुर तिराहे पर बुधवार देर रात कंटेनर ने सब्जी लादकर जा रहे लोडर में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और चालक उसी में फंस गया। पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कटर की मदद से दरवाजा काटकर उसे बाहर निकलवा के सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लखनऊ जिला के पारा थानाक्षेत्र के बुद्धेश्वर वादर खेड़ा मोहल्ला निवासी सतेंद्र (28) पुत्र कृष्णपाल लोडर चालक था। बुधवार रात वह पिकअप में टमाटर लादकर लखनऊ जा रहा था। तभी मोहान–बांगरमऊ मार्ग के अकबरपुर तिराहे के पास सामने से आए कंटेनर ने लोडर में टक्कर मार दी। इससे लोडर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सतेंद्र उसमें फस गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा व कटर की मदद से दरवाजा काटकर उसे बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



क्षतिग्रस्त लोडर।

### मामूली बात पर लोहे की राड से हमला

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मोहल्ले में मामूली बात को लेकर एक दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान उसके सिर पर लोहे की राड मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। रहमत नगर निवासी फिरदौश ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि बुधवार रात वह अपने घर जा रहा था, तभी वहीं के रहने वाले रफीक से मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर रफीक ने अपने साथियों को बुला लिया और उसके सिर पर लोहे की राड मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा।

### मारपीट में व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**सोहरामऊ।** थानांतर्गत आशाखेड़ा गांव में हुई मारपीट और अंगभंग की धाराओं में दर्ज मामले में पुलिस ने मारपीट में व्यक्ति को गंभीर चोट पहुंचाने वाले को गिरफ्तार किया है। बता दें कि आशाखेड़ा गांव निवासी राजेश पुत्र रामेश्वर साहू ने संजय द्वारा गालिया देने, मारपीट करने, दांत से दाहिना कान काट लेने से उसे चोटे आने और जान से मारने की धमकी देने को लेकर सोहरामऊ थाने में तहरीर दी थी। जिसके आधार पर सोहरामऊ थाने में संजय लोध पुत्र शिवपाल लोध निवासी गांव मदारीगढ़ी के मजरा आशाखेड़ा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। गुरुवार को पुलिस ने संजय लोध को रसूलपुर मोड़ से पकड़ लिया।

# चौखट पर फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव



किशोर।



घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत अजाद नगर मोहल्ले में 15 वर्षीय किशोर ने घर में फंदे से लटक कर जान दे दी। थानाक्षेत्र के कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सत्यम (15) पुत्र विनय सैनी कक्षा नौ का छात्र था। साथ ही वह बाइक रिपेयरिंग का भी काम सीख रहा था। बुधवार को उसके परिजन हरदोई जिले के बड़ा जासु गांव नानी राम कली की तेहरवीं में शामिल होने गए थे। वह घर पर अकेला था। गुरुवार सुबह पड़ोसी मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी चाचा सुरेंद्र उसे नाश्ते के लिए फोन किया लेकिन, काल रिसीव नहीं हुई। भतीजे को बुलाने गए लेकिन दरवाजा नहीं खुला। दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए तो दरवाजे की ग्रिल में धोती के फंदे से सत्यम का शव लटक रहा था।

● रिश्तेदार के यहां तेहरवीं में गए थे परिजन

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली अंतर्गत लखनऊ मार्ग पर बुधवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर सेव पैदल घर लौट रहा गंभीर घायल हो गया। घायलावस्था में रात भर सड़क किनारे पड़े रहने से उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के हरियारवर गांव निवासी पिल्लू (60) कल्लू बुधवार को देर शाम किसी काम मुस्तफाबाद गांव गया था। जहां से वह पैदल लौटते समय वह लखनऊ मार्ग पर सल्हारी खेड़ा गांव के मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में आई गंभीर चोटों से वह रात भर वहीं पड़ा रहा। अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई।

# योग दिवस: तैयारियां हुई पूरी आज होगा सामूहिक योग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● ऋषि आश्रम, नमामि गंगे पार्क आदि स्थानों पर होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार।** विश्व योग दिवस को देखते हुये नगर में पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। आज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों पर सामूहिक योग कराया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं पालिका भी तैयारियों में जुटा रहा।

शुक्लागंज के ऋषि आश्रम, डीएसएम पब्लिक स्कूल, नमामि गंगे पार्क के अलावा अन्य स्थानों और स्कूलों में आज योगा कराया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर वृहद स्तर पर साफ सफाई कराई गई। एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बजे कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। योग दिवस पर स्वच्छता जागरूकता के तहत भी कार्यक्रम में सम्पन्न होंगे। इसी तरह गायत्री शक्तिपीठ पर भी गायत्री परिवार सामूहिक तौर पर योग दिवस पर योगा करेंगे। इसके अलावा नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को निरोग रखने के लिए योग कराया जायेगा।

# एचटी पोल टूटने से 12 घंटे बंद रही बिजली, लोग हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

● हीट होने से 2 जगह जली एबीसी केबल

**अमृत विचार।** बुधवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान गोताखोर मोहल्ले में लगा एचटी पोल टूट गया। जिसकी जानकारी विभाग को दी गई। जिस पर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रही। 12 घंटे बाद मरम्मत कार्य होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। इसी तरह नगर के दो स्थानों में एबीसी केबल दगने से बिजली बंद रही। वहीं अन्य मोहल्लों में भी फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही।

नगर के गोताखोर मोहल्ले में बुधवार रात करीब दस बजे एचटी पोल टूट गया। जिसकी जानकारी लोगों ने बिजली विभाग को दी। जिस पर क्षेत्र की पूरी रात बिजली बंद रही। बिजली बंद होने के कारण पूरी रात गर्मी में लोग परेशान रहे। गुरुवार सुबह दस बजे मरम्मत के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। बारह घंटे के बाद आपूर्ति चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं पोनी रोड में बुधवार रात 10 बजे ओवरहीट के चलते एबीसी केबिल जल गई, आधा सैकड़ा घरों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। सूचना के बाद बिजली कर्मियों ने रात लगभग 1 बजे के बाद एबीसी केबिल बदल कर बाधित आपूर्ति सुचारू की। इसके अलावा गुरुवार शाम करीब पांच बजे इंदिरा नगर में भी एबीसी केबिल जल जाने से शाम लगभग 8 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई ठप रही। वहीं आदर्श नगर पूर्वी पैलेस के पास भी एक पोल लगाने के लिए 250 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति सुबह सवा 11 बजे बंद की गई, जो दोपहर ढाई बजे तक बंद रही। इसके अलावा शक्तिनगर में भी शाम सवा 4 बजे एचटी लाइन का जंपर टूटने से कई घरों की सप्लाई एक घंटा तक बंद रही। गर्मी में बिजली न आने पर लोग खासे परेशान रहे। वहीं घंटों बिजली न आने से इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे।

## योग दिवस को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**शुक्लागंज उन्नाव।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को देखते हुये गुरुवार को बालूघाट स्थित नमामि गंगे पार्क पर जागरूकता रैली निकाली गई। जहां रैली में शामिल लोगों ने आस-पास की बस्तियों में रहने वाले लोगों को निरोग रहने के लिए प्रतिदिन योग करने को जागरूक किया।

आनंद घाट स्थित नमामि गंगे घाट पर योगाचार्य डा. बलदेव पार्क में पिछले कई दिनों से योग साधकों को योग करा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर अधिक से अधिक लोग योग करें, इसके लिये गुरुवार को कक्षा के समापन के बाद जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने योग करने से जटिल से जटिल बीमारियों से छुटकारा मिलने की जानकारी लोगों को दी। इस दौरान राजेश गुप्ता, अजय साहू, रविशंकर गुप्ता, कांति, शिवांगी, दीप्ती, गुड्डी शर्मा, लवली, शकीला, विमला, रमाकांति, रश्मि, पूनम के अलावा बस्ती में रहने वाले लोग शामिल रहे।

# योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिभाओं ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



योगासन करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जय बाबा फाउंडेशन व इंटरनेशनल नेच्युरोपैथी आर्गेनाइजेशन ने मां शक्ति योग साधना केंद्र द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद कटियार स्मृति जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि डा. कप्तान सिंह जिला यूनानी अधिकारी, विशिष्ट अतिथि प्रभारी क्रीड़ाधिकारी कल्पना कमल, डा. मुरली प्रसाद, भरत कुमार ने महर्षि पतंजलि व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद कटियार के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिला योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चेयरमैन डा. राजेश सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 45 बालक व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें सूर्य नमस्कार, धनुरासन, पूर्ण चक्रासन, मत्स्येंद्रासन, कुकुट्टासन, ट्रेडिशनल योगा पश्चिमोत्तासन, आर्टिस्टिक सिंगल बालक व बालिका वर्ग में आयोजित हुई। प्रतियोगिता से पूर्व डा. राजेश सिंह द्वारा मौजूद गणमान्य नागरिकों व प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया गया। संचालन मंजुमूर्ति शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान योगी अवधेश सिंह, अवधेश वर्मा, योगिनी रचना सिंह, योगी रामप्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहें। आयोजन अध्यक्ष प्रीती गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक डा. अश्वनी कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया व योग की राष्ट्रीय खिलाड़ी भूमि तिवारी का नागरिक अभिनंदन भी किया गया। सूर्य नमस्कार में बालक प्रथम अयन त्रिपाठी, द्वितीय नैतिक प्रजापति वहीं बालिका में प्रथम कंचन, द्वितीय अनन्या पाल रहीं। इसीतरह ट्रेडिशनल योगा बालक वर्ग में प्रथम अयन त्रिपाठी, द्वितीय नैतिक प्रजापति तथा बालिका वर्ग में प्रथम माही यादव, द्वितीय पुष्पा रही।

**अव्यवस्था** पालिका के वाहन चालक कूड़े को निस्तारण केन्द्र न ले जा कर सरैयां–लक्ष्मी खेड़ा मार्ग पर डाल रहे

# पालिका ने मार्ग पर डंप किया कूड़ा, लगी आग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



सरैयां गांव के पास सुलगता कूड़ा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र से निकला कूड़ा पालिका के वाहन चालक कूड़ा निस्तारण केन्द्र में न ले जा कर सड़क के किनारे डंप कर रहे हैं। उसी कूड़े में अराजकतत्व आग लगा देते हैं। कूड़ा जलने के कारण आस पास रहने वाले लोगों को मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पालिका प्रशासन को दी है। जिस पर वाहन चालकों को सड़क के किनारे कूड़ा न डंप करने की हिदायत भी दी गई है।

पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों से निकलने वाले कूड़े को श्री नगर स्थित कूड़ा निस्तारण केन्द्र के अलावा चंपापुरवा नेतुआ मार्ग पर बने एमआरएफ सेंटर में छंटाई करने के लिये ले जाया जाता है लेकिन पालिका के लोडर चालक ऐसा नहीं करते हैं। वहीं आजाद मार्ग चौरहे से लेकर बाबा कुटी, महेश खेड़ा, सुखलाल खेड़ा, पीपर खेड़ा, कटहा दलनारायणपुर आदि गांवों के सामने सड़क के किनारे जगह-जगह भारी मात्रा में खुले स्थानों पर कूड़ा डंप कर रहे थे। जिस पर वहां के ग्रामीणों ने ऐतराज जताया तो वाहन चालकों ने अब सरैयां और लक्ष्मी खेड़ा मार्ग के किनारे कूड़ा डंप करना शुरू कर दिया है। कूड़ा डंप होने से आस पास संक्रामक बीमारियां भी पनप रहीं हैं। वहीं गुरुवार को किसी ने डंप कूड़े में आग लगा दी। जिससे कूड़ा पूरे दिन सुलगता रहा। जिस कारण आस पास गांवों में रहने वाले लोगों को जहरीले धुंए से परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बैराज मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी रहा, जो जहरीले धुंए के बीच सांस लेने में परेशान दिखे।

### बोले जिम्मेदार

कूड़े जलने की जानकारी हुई है, तत्काल टैंकर भेजकर आग बुझवाई जायेगी। जिन कर्मियों ने कूड़ा डंप किया है। उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। इसके साथ ही वाहन चालकों को कूड़ा न डंप करने की हिदायत भी दी गई है।

–कौमुदी पांडे, चेयरमैन नगर पालिका गंगाघाट

## माटी कला के 15 दिवसीय प्रशिक्षण में सिद्धहस्त होंगे कारोबारी

**उन्नाव।** परंपरागत माटीकला यकुम्हारी कलाद्ध कारोबार से जुड़े लोगों को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत चयनित लोगों को लखनऊ में प्रशिक्षित कर विषय विशेषज्ञ शिल्प सहित कारोबारी गुर सिखाएंगे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक बाबूगंज स्थित कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। बता दें कि ग्रामोद्योग कार्यालय के माध्यम से इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा अब उन्हें परंपरागत उत्पादों के साथ वर्तमान आवश्यकता के लिहाज प्रशिक्षित किया जाएगा। इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण के तहत चयनित प्रशिक्षुओं को माटी कला से संबंधित कलात्मक, सजावटी, वस्तुएं बनाना सिखाया जाएगा।

# ओपीडी में 150 त्वचा, 50 डायरिया और बुखार के पहुंचे मरीज

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव



पीएचसी में मरीजों की ओपीडी करते प्रभारी चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अधिक गर्मी पड़ने के कारण शरीर से निकलने वाला पसीना सूख नहीं पा रहा है, जिस कारण लोगों में तेजी से दाद, खाज, खुजली के अलावा अन्य प्रकार के त्वचा से संबंधित दिक्कतें हो रही हैं। गुरुवार को पीएचसी में ओपीडी के दौरान त्वचा के करीब डेढ़ गुना मरीज पहुंचे। वहीं पचास फीसदी डायरिया और बुखार के मरीज पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण कर दवाइयां दी।

जून माह में पड़ रही शरीर झुलसाने वाली गर्मी के कारण शरीर पर फफोले निकल रहे हैं, इसके साथ ही अधिक पसीना आने से तरह-तरह की त्वचा से संबंधित दिक्कतें आ रही हैं। गुरुवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की सुबह से लाइन लगी रही। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार, डायरिया के अलावा त्वचा से संबंधित मरीज पहुंचे। जहां मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान ने उनका परीक्षण करने के बाद दवाइयां दी। इसके साथ ही धूप से बचाव करने के तरीके भी बताये। गर्मी में पसीना सूख न पाने के कारण कीटाणु पनपते हैं। जिससे दाद, खाज, खुजली जैसे चर्म रोग हो रहे हैं। लोगों को इससे बचने के लिये पाउडर का इस्तेमाल करें। वहीं गुरुवार को ओपीडी के दौरान लगभग दो सौ मरीज देखे गये। जिसमें 150 मरीज त्वचा से संबंधित पहुंचे तो 50 मरीज डायरिया, बुखार, सर्दी, जुकाम के पहुंचे।

# केपीएम अस्पताल जर्जर आईआईटी टीम का सर्वे

## 60 वर्ष पहले बिरहाना रोड में बना था कमलापत मेमोरियल चिकित्सालय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


केपीएम की दीवारों में टूटन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कमलापत मेमोरियल (केपीएम) चिकित्सालय की हालत ठीक नहीं है। आईआईटी की टीम ने सर्वे में अस्पताल भवन को जर्जर बताया है। अस्पताल प्रशासन व आईआईटी ने सर्वे रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। अब सरकार को फैसला लेना है कि अस्पताल का पुनर्निर्माण किया जाए या लोड कम किया जाए।

बिरहाना रोड स्थित कमलापत मेमोरियल अस्पताल का निर्माण करीब 60 वर्ष पूर्व हुआ था। तब यहां पर कानपुर के साथ आसपास के जिलों से मरीज इलाज कराने आते थे। वर्तमान में यहां की ओपीडी में प्रतिदिन मरीजों की औसत संख्या 300 ही रह गई है। अस्पताल की इमारत पुरानी होने से यहां दीवार और छत में सीलन बनी रहती है। छत और दीवारों का प्लास्टर गिरने की वजह से कई जगह ईंट व सरिया तक दिखने लगी है। कई बार कर्मचारी व मरीज हादसे में चुटहिल होने से बचे हैं। अस्पताल में मरम्मत कार्य व जांच के लिए तत्कालीन सीएमएस ने शासन को चार साल पहले पत्र लिखा था। इसके बाद

- दीवार और छत पर बनी रहती सीलन, अक्सर टूटकर गिरता है प्लास्टर

शासन से करीब नौ लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ। कुछ माह पहले केपीएम अस्पताल की इमारत की हालत की जांच के लिए आईआईटी ने सर्वे किया।

टीम ने दीवारों की क्षमता परखने के लिए गड्ढे किए और सैंपल लिए। इस दौरान दीवारों के पास धमाका भी किया, जिस दौरान दीवारों पर दरारें पड़ गईं। आईआईटी टीम ने अपनी रिपोर्ट में अस्पताल की मजबूती को मानकों पर ठीक नहीं पाया है।

> तत्कालीन सीएमएस ने पूर्व में शासन से करीब नौ लाख लाख रुपये के बजट की मांग की थी, जिसके आने के बाद आईआईटी टीम ने अस्पताल का कुछ माह पहले सर्वे किया। सर्वे में टीम ने अस्पताल की इमारत की मजबूती परखी है। टीम की रिपोर्ट शासन को भेज दी है। शासन तय करेगा कि अस्पताल का क्या करना है।
>
> 
>
> -डॉ .रामचंद्र यादव
> सीएमएस, केपीएम

## क्रोमा ने 500 स्टोर की उपलब्धि हासिल की

**कानपुर।** क्रोमा ने देश में अपने 500वें स्टोर की शुरुआत की घोषणा कर दी है। 500वे शोरूम को कंपनी की वृद्धि और विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया है। इसे 'हैप्पी 500 टू यू' अभियान के साथ मनाया जा रहा है। यह कैम्पेन देश भर में लगातार बढ़ते ग्राहक आधार को उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉडक्ट्स और साथ में ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के प्रति क्रोमा के प्रयासों को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर क्रोमा ने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक विशेष प्रचार शुरू किया है। यह 19 जून से 23 जून तक, क्रोमा स्टोर, क्रोमा डॉट कॉम और टाटा न्यू पर सभी खरीदार चेकआउट पर कूपन कोड 'एच500टीयू' का उपयोग करके अपनी खरीदारी पर 10 फीसदी की छूट हासिल कर सकते हैं। सीमित समय की इस पेशकश के जरिये क्रोमा ने ग्राहकों द्वारा वर्षों से दिखाए गए अटूट समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद अदा करने का प्रयास किया है। क्रोमा इनफिनिटी-रिटेल लिमिटेड के डिप्टी सीईओ शिवाशीष ने इस उपलब्धि पर कहा कि 500वां स्टोर खोलना विशेष रूप से खास है इसके साथ, अब हम देश के सभी कोनों तक पहुँच चुके हैं। इस अवसर पर हम देश भर में और अधिक लोगों तक इलेक्ट्रॉनिक्स प्रॉडक्ट्स पहुचाते हुए अपने फुटप्रिंट को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहते हैं।


सेंट्रल स्टेशन पर निरीक्षण करते उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रविंद्र गोयल।

## सेंट्रल को कई नई ट्रेनें मिलेंगी कनेक्टिविटी बढ़ेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएम गार्ड व चालक से मिले, गर्मी की परेशानियों को समझा
- कहा, गार्ड-चालक को ओआरएस के साथ पानी की बोतल दी जाए

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रविंद्र गोयल ने गुरुवार सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया। जीएम ट्रेन से उतरते ही सबसे रनिंग रूम पहुंचे जहां जायजा लेने के बाद गार्ड व चालक से उनकी परेशानियां पूछीं। बताया कि ट्रेनों की कनेक्टिविटी बढ़ाई जा रही है। सेंट्रल को जल्द ही नई ट्रेनों की सौगात मिलेगी। सेंट्रल स्टेशन के रीडेवलपमेंट का काम भी समय से पूरा होगा।

रनिंग रूम में निरीक्षण के दौरान जीएम ने चालक, गार्डों से एक-एक करके परेशानी पूंछी तो चालकों ने गर्मी की समस्या बताई। इस पर जीएम ने कहा कि रनिंग रूम स्टाफ को ओआरएस घोल के साथ पानी की बोतल समय-समय पर मिलती रहे। निरीक्षण से पहले जीमए ने विंडो ट्रेलिंग से मार्ग में आने वाले रेल पथ, सभी सिगनल, ओएचई, प्लेटफार्म पर सफाई व्यवस्था चलती ट्रेन से देखा।

सेंट्रल के रनिंग रूम का निरीक्षण करने बाद वीआईपी हॉल में बैठकर अधिकारियों से रेलवे की आवासीय कालोनी में समस्याओं का फीडबैक लिया। सेंट्रल पहुंचने से पहले झांसी डीआरएम दीपक सिन्हा के साथ मानिकपुर-खैरार से भीमसेन रेलखंड का निरीक्षण किया। रेलखंड निरीक्षण से लौटते समय जीएम ने घाटमपुर पावर प्लांट का भी काम देखा। उन्होंने बताया पावर प्लांट बनने के बाद डिमांड के अनुसार कोयला मिलता रहेगा।

## सार-संक्षेप

### फर्जी हस्ताक्षर कर 2.05 लाख हड़पे, रिपोर्ट

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में रजिस्ट्री में ई स्टांप की खरीद फरोख्त में फर्जी हस्ताक्षर कर 2.05 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है। ग्राम पिपरगवां सेन पश्चिमपारा निवासी विनोद शुक्ला ने सैनिक मार्केट चकेरी निवासी महेश वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि महेश वर्मा को ई स्टांप खरीदने के लिए 2.05 लाख रुपये दिए। कोई लिखापढ़ी नहीं की। जिसके बाद विनोद के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर महेश ने आईजी स्टांप के यहां रकम अपने खाते में वापस कराने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल कर दिया। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई पर सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली।

### 45 पालतू कुत्तों का हुआ वेक्सीनेशन

**कानपुर।** नागरिक सुरक्षा एवं पशु कल्याण अभियान के उपलक्ष्य में गुरुवार को फ्री एंटीरेबीज डॉग वेक्सीनेशन एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन प्रमिला सभागार में हुआ। महापौर प्रमिला पांडेय ने कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान पशु पालकों के 45 कुत्तों को निशुल्क एंटीरेबीज वेक्सीन लगायी गयी। महापौर ने निराश्रित पशु पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिये 75 पानी की चरही, 75 बर्ड फीडर, 75 बर्ड नेस्ट बांटे। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त मो. आवेश खान, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आके निरजन, पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. शिल्पा सिह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिकान्त वर्मा, एबीसी सेन्टर फूलबाग की चिकित्सक टीम, उम्मीद एक किरण संस्था के संस्थापक मयंक त्रिपाठी, सुनाली पाल, सरस्वती यादव, कामान्या श्रीवास्तव, सक्षम ओमर, विवेक पाल रहे।


संकल्प सेवा समिति ने रक्तदान शिविर लगाया। अमृत विचार

### कमांडर व एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान

**कानपुर।** संकल्प सेवा समिति ने योग दिवस की पूर्व संध्या पर 165 वां रक्तदान शिविर यूपी एयर स्क्वेर्डन एनसीसी के सहयोग से लाल बंगला स्थित एनसीसी में आयोजित किया। एनसीसी कैडेट योग्यता सिंह, कैडेट मनस्वी शर्मा, कैडेट लिच्छवी सिंह, कैडेट रुचि यादव व विंग कमांडर एस भंडारी समेत 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को संकल्प सेवा समिति ने प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। विंग कमांडर एस भंडारी ने संकल्प सेवा समिति की टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, डॉ. परवेज अख्तर, विमल सेंगर, राजीव पांडेय, राकेश महाजन, शिवपूजन आदि रहे।

### 27 मृतक आश्रितों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

**कानपुर।** नगर आयुक्त ने गुरुवार को 27 मृतक आश्रितों को उनकी योग्यता के आधार पर नगर निगम में नियुक्ति के लिये पत्रावलियों को अनुमोदित कर दिया। अब 22 जून को सभी मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। नगर आयुक्त ने कहा कि इन सभी की पूर्ण तरह से जांच नियमानुसार नियुक्ति हेतु पत्रावली अनुमोदित कर दी गयी है। शनिवार को इन सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

### शांति भंग की आशंका पर हुई कार्रवाई

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर नौ लोगों पर कार्रवाई की है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि इशी राज, राजेश कुमार निवासी रतनपुर गांव, सोमनाथ उर्फ समी निवासी ग्राम द्विगुली, दीपक निवासी लोहारनपुरवा, धर्मेंद्र निवासी स्वराज नगर, अजय सिंह निवासी रतनपुर गांव, सुशील वर्मा, सुंदर नगर, राजन सिंह निवासी पनकी, अंकुर तिवारी निवासी डुडवा शामिल है।

### एलिम्को के उपकरण दिव्यांग बच्चों के लिए ऊर्जा

**कानपुर।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) व राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के सहयोग से गुरुवार को एक कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में दिव्यांग बच्चों के लिए एडिप-समग्र शिक्षा योजना के तहत जानकारी दी गई। कार्यशाला में राज्य परियोजना कार्यालय के अधिकारी व जिला समन्वयक शामिल हुए। कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने की। कार्यशाला में राज्य परियोजना कार्यालय से अपर परियोजना निदेशक रोहित त्रिपाठी, वरिष्ठ विशेषज्ञ समग्र शिक्षा नन्द कुमार, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक राजेश कुमार वर्मा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह सहित अन्य जनपदों के जिला समन्वयक शामिल हुए। महानिदेशक कंचन वर्मा ने कहा कि यहां की यूनिट में बनने वाले उपकरण दिव्यांग बच्चों की शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इन उपकरणों को दिव्यांग बच्चों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि हर वर्ष समग्र शिक्षा के तहत एलिम्कों की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिये उपकरण वितरण के कार्यक्रम किये जाते हैं।

### पतारा में लोडर पलटा, 6 लोग दबे

**घाटमपुर।** पतारा क्षेत्र के तिलसड़ा मोड़ पर गुरुवार की दोपहर एक लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में आधा दर्जन लोग लोडर के नीचे दब गए। लोडर में सवार महिलाओं ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने लोडर को सीधा किया। इस दौरान चौराहे पर पुलिस कमिश्नर के आने की सूचना पर पुलिस मौजूद थी। हादसा देख चौकी इंचार्ज निशांत राना मौके पर पहुंचे तो लोडर में शव रखा था। चालक ने बताया कि पड़ोसी युवक की मौत हो गई है, जिसे लेकर अंतिम संस्कार के लिए मूसानगर घाट जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने चालक को दोबारा लोडर में सवारियां न बैठाने की हिदायत देकर छोड़ दिया। कुछ दूर जाने के बाद चालक ने फिर सभी लोगों को लोडर में बैठाया और मूसानगर की ओर रवाना हो गया।

### अवैध खनन में दो जेसीबी सीज

**बिल्हौर।** कोतवाली क्षेत्र के बछना गांव में वन विभाग की भूमि पर कई दिनों से अवैध खनन की सूचना पर गुरुवार को एसडीएम रश्मि लांबा के निर्देश पर राजस्व व वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, जिसमें दो जेसीबी सीज कर दी गईं। छापेमारी के दौरान नायब तहसीलदार सीपी राजपूत व राजस्व निरीक्षक नीलेन्द्र चौहान ने खनन की अनुमति के बारे में जानकारी मांगी तो मौजूद लोग उलझ गए। अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आने के बाद सभी लोग भाग निकले। दोनों जेसीबी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और डिप्टी रेंजर की तहरीर पर अवैध खनन की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अधिकारियों पर ट्रैक्टर चढ़ाने के प्रयास का भी आरोप है। वहीं मदनपुर चौकी इंचार्ज राजन मौर्य ने मौरंग से ओवरलोड डंपर सीज किया है।



नगर निगम ने बनाए सहायता शिविर। अमृत विचार

## धूप से बचाव के लिये नगर निगम ने लगवाए टेंट

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडे एवं नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन के निर्देश पर भीषण गर्मी से राहत दिलाए जाने के लिये शहर में कई जगह आधुनिक टेंट लगाने के साथ कूलर और प्याऊ की व्यवस्था की गई। नगर निगम ने निराला नगर लेबर अड्डा चौराहा, चार खम्भा कुआं चौराहा निकट सनी होटल, जैना पैलेस लेबर अड्डा सीएचसी अस्पताल के बगल में रतन लाल नगर और पनकी मन्दिर में यह व्यवस्था की है। नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और जोनल अधिकारियों को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों के पास भी राहत शिविर खोलने के निर्देश दिये। नगर निगम प्याऊ भी खोलेगा।

## गैंजेस क्लब प्रीमियर लीग 22 से

**कानपुर।** गैंजेस क्लब में पहली बार क्लब सदस्यों और उनके परिजनों के लिए गैंजेस क्लब प्रीमियर लीग (जीसीपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह लीग 22 से 30 जून तक चलेगा। यह जानकारी क्लब के चेयरमैन विजय कपूर ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 8 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। जिनमें मलिक लायंस, बटरफ्लाई रॉयल्स, एक्लेयर जाफरान, स्पेंबलेंडस चैलेंजर्स, आलराउंडर एलेवेंस, फॉर्च्यून फाइटर, क्रेजी क्राउड व लार्ड्स इलेवन हैं। आठों टीमों को दो पूल में बांटकर लीग मैचों का आयोजन होगा। हर पूल से दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। 30 जून को फाइनल होगा। सभी लीग मैच 12 ओवर के होंगे।

## गोदाम में नकब लगा लाखों की चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव में बुधवार की रात मौका पाकर शातिर चोरों ने गोदाम की दीवार में नकब लगाकर लाखों रुपये कीमत का अनाज पार कर दिया। अनुमान है कि भारी मात्रा में अनाज ले जाने के लिए वाहन का इस्तेमाल किया गया। गुरुवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर गोदाम मालिक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

क्षेत्र के मरियानी गांव निवासी प्रत्यूष त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव से कुछ दूर हाईवे के किनारे सौम्या ट्रेडर्स के नाम से उनकी गल्ले की गोदाम है। बुधवार की शाम गोदाम में ताला बंद कर वह घर चले गए थे। देर रात गोदाम की दीवार में नकब लगाकर चोर वहां रखा 14.30 क्विंटल भूरा उड़द, 8.45 क्विंटल मूंग, 5.50 क्विंटल काली उड़द और 3.25 क्विंटल हरा उड़द ले गए, जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये है।


मरियानी के इसी गोदाम से अनाज चोरी हुआ। अमृत विचार

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# प्रदेश

## जज की हत्या की साजिश रच रहे हैं कट्टरपंथी

विधि संवाददाता, बरेली

- ज्ञानवापी केस की सुनवाई कर चुके हैं जज
- एजेंसी के इनपुट पर लखनऊ के एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर चुके अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर को काफिर घोषित कर इस्लामिक कट्टरपंथी उनकी हत्या का षडयंत्र रच रहे हैं।

लखनऊ सेशन कोर्ट में एनआईए के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने इस बारे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को पत्र भेजा है। जज रवि कुमार दिवाकर अब बरेली सेशन कोर्ट में तैनात हैं।

जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से बृहस्पतिवार को जिला जज के जरिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को यह पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि लखनऊ में एटीएस के थाना गोमतीनगर में एजेंसी की सूचना के आधार पर एसआई प्रभाकर ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोपाल (एमपी) निवासी अदनान खान '@बेस्ड डॉट खिलजी' नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा है। उसने इसी अकाउंट पर न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की फोटो लगाकर पोस्ट किया है "दि काफिरस ब्लड इज हलाल फॉर यू, दोज हू फाइट अगेंस्ट योर दीन"। इसके साथ जज के चेहरे पर आंखों के ऊपर लाल रंग से काफिर लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि इस पोस्ट को काफी लोगों ने देखा है जिसके जरिए अपनी विचारधारा से जुड़े लोगो को ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करने वाले जज को मारने के लिए प्रेरित किया गया है। दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं को आहत करने के साथ राष्ट्र विरोधी कार्य भी किया जा रहा है।

विवेचना में सामने आया है कि कट्टरपंथी जज की हत्या का षडयंत्र रच रहे है। पुलिस रिमांड के दौरान अदनान की निशानदेही पर 14 जून को दो मोबाइल फोन और एक पेन ड्राइव बरामद की गई है, जिनसे पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। विवेचना अभी चल रही है।

## मुख्य प्रबंधक, तीन सहायक प्रबंधक और बाबू निलंबित

- एकेटीयू के 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी का मामला

**लखनऊ।** एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ की हेराफेरी में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर बैंक ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट के आधार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबन्धक अनुज सक्सेना, सहायक प्रबन्धक सौरभ श्रीवास्तव, सचिन कुमार रावत, नीलू और क्लर्क अमित गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने पत्र लिखकर बैंक के अधिकारियों को निलंबित करने की सिफारिश की थी। इनके खिलाफ आंतरिक जांच भी की जा रही है। बैंक की जांच पूरी होने के बाद पुलिस यहां के अन्य कर्मचारियों के बयान भी लेगी। पुलिस के मुताबिक अगर कोई गिरोह के साथ साठगांठ का आरोपी मिलता है तो उसका नाम एफआईआर में बढ़ा दिया जायेगा। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात पहले भी सामने आयी थी ।

## अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर चला बुल्डोजर

संवाददाता, प्रयागराज

- वक्फ बोर्ड की करोड़ों की सम्पत्ति पर बना था बंगला

**अमृत विचार।** यूपी में माफियाओं के खिलाफ लागातार एक्शन जारी है। गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब के घर पर बुलडोजर चलाया गया। भारी फोर्स तैनात रही। यह सम्पत्ति करीब पांच करोड़ की बताई जा रही है।

विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने गुरुवार को माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ़ की ससुराल पर बड़ी कार्यवाई की है। पीडीए ने वक्फ बोर्ड को जमीन पर बनाये गए करोड़ो के मकान को बुलडोज़र से ध्वस्त कर दिया। 400 वर्ग गज में बना यह आलीशान मकान कानपुर हाईवे से सटा हुआ है। कीमत भी करोड़ो में है। वक्फ बोर्ड की इस ज़मीन को अशराफ़ में ससुराल वालों ने कागज़ों में हेरफेर करके अपने नाम करा लिया था। इस प्रॉपर्टी पर अशरफ़ की पत्नी ज़ैनब और उसके भाई फ़ैज़ी का कब्ज़ा था। वक्फ बोर्ड के केयर टेकर ने मुकदमा दर्ज करा दिया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने जांच की तो पता चला कि सल्लाहपुर में अशरफ के साले और ज़ैनब ने वक्फ की ज़मीन पर खुद कब्ज़ा करके दुकान बनवा-बनवा कर बेच दी और काफी ज़मीनों पर अपने लिए कोठी बनवा ली। वक्फ बोर्ड ने अपनी संपत्ति वापस पाने के लिए प्रशासन से मांग की तो पीडीए का एक्शन शुरू हो गया। वहीं प्रशासन का कहना है कि अशरफ की पत्नी जैनब ने 50 करोड़ से अधिक की वक्फ संपत्ति पर जैनब, जैद मास्टर आदि ने कब्जा कर मकान बनवाया हुआ है। इसे ध्वस्त करने का आदेश हुआ था।

## राज्यमंत्री के निजी सचिव पर अफसरों को पीटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- मुख्य अभियंता कार्यालय में साथियों के साथ जल शक्ति मंत्री के निजी सचिव ने किया था हंगामा
- पीड़ित अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता ने कोतवाली में दी तहरीर एसपी से भी मिले

**अमृत विचार।** जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के पर्सनल असिस्टेंट संजय निषाद और उनके साथियों पर बुधवार की रात मुख्य अभियंता कार्यालय में बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगा है। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले की शिकायत की इसके बाद कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस अधीक्षक ने दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने का आश्वासन दिया।

अधिशासी अभियंता भंडार छोटेलाल, सहायक अभियंता पुनीत कुमार शर्मा व आशुतोष दीक्षित की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार रात्रि लगभग 80:38 बजे मुख्य अभियन्ता वितरण से जल शक्ति राज्यमंत्री के निजी सचिव संजय निषाद ने फोन पर बात की और कार्यालय पहुंचने की बात कही। रात्रि करीब 8:48 बजे संजय निषाद अपने 15 से 20 व्यक्तियों के साथ मुख्य अभियन्ता कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में घुस कर सीसीटीवी कैमरा आदि देखने लगे। वहां मौजूद मुख्य अभियन्ता वितरण आरिफ अहमद, अधिशाषी अभियन्ता भंडार छोटेलाल, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खंड प्रकाश देव एवं अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण रजनीश कुमार गुप्ता के मोबाइल फोन को उन्होंने छीन लिया। विरोध करने पर उनके द्वारा मारपीट की गई। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता छोटेलाल को सिर में चोटें आईं। आरोपियों ने अधिशाषी अभियन्ता छोटे लाल से कहा गया कि वे सहायक अभियन्ता पुनीत कुमार शर्मा को बुलाएं। फोन से सूचना पर आशुतोष दीक्षित व पुनीत कुमार शर्मा वहां पहुंच गए। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बीच बचाव पर मुख्य अभियन्ता व अन्य अधिकारियों से भी दुर्व्यवहार किया गया। पीड़ित अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक व कोतवाली में दी गई तहरीर में संजय निषाद के साथ ही रामबाबू निषाद, शिवचली निषाद, मन्दीप तिवारी आदि का नाम लिखा है। आशुतोष दीक्षित ने बताया कि तहरीर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## काशी-मथुरा में मंदिर निर्माण व हिंदू राष्ट्र की भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार।** राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव में मणिराम दास छावनी के सभागार में गुरुवार को आयोजित संत सम्मेलन के दौरान राजनेताओं व साधु-संतों का जमावड़ा रहा। इस दौरान काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण व हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग को लेकर संतों ने हुंकार भरी। सभी ने एक स्वर में कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए मथुरा और काशी में मंदिर का निर्माण बहुत ही आवश्यक है।

सम्मेलन में पहुंचे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि श्रीराम अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं। अब मथुरा में श्रीकृष्ण को मुस्कुराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति तब तक अधूरी नजर आती रहेगी जब तक काशी व मथुरा में मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता। महंत नृत्यगोपाल दास के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। अब उनके नेतृत्व में मथुरा में भी मंदिर का निर्माण होगा। मध्य प्रदेश में नई शिक्षा नीति में बदलाव करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा में शामिल किया गया है।

नेपाल से आए जगद्गुरु रामकृष्णाचार्य ने कहा कि राममंदिर का संकल्प पूरा हो चुका है। अब हिंदू राष्ट्र की ओर देखना चाहिए। भारत वर्ष को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरूरत है। महाराष्ट्र के प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयभान सिंह पवैया ने कहा कि राम की धरती सनातन संस्कृति का केंद्र बिंदु है। कार्यक्रम का संचालन महंत डॉ. रामानंद दास ने किया। अध्यक्षता राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु वासुदेवानंद सरस्वती ने की।

## सिंचाई कर रहे किसान को खींच ले गया बाघ

**माधोटांडा (पीलीभीत)।** खेत में बुधवार रात सिंचाई कर रहे किसान पर बाघ ने हमला कर मार डाला। किसान का अधखाया शव गुरुवार सुबह पास के ही गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

घटना कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा के समीप बुधवार रात हुई। गांव बांसखेड़ा के पूरनलाल (55) का खेत गांव के नजदीक ही है। बुधवार रात वह धान की रोपाई के लिए तैयार किए जा रहे खेत की सिंचाई करने गए थे। पूरन लाल के साथ उनका भतीजा वीरपाल एवं एक अन्य युवक भी गया था। मौसम खराब होने पर कुछ देर बाद वीरपाल और उसका साथी गांव वापस चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक बारिश की संभावना देख कुछ देर बाद वीरपाल ने इंजन बंद कर दिया। इस बीच वहां मौजूद बाघ ने पूरनलाल पर हमला कर दिया और खींच ले गया।

## एक नजर

### रूफटॉप संयंत्रों को लेकर कार्रवाई शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना पर कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रमुख सचिव ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत नरेंद्र भूषण ने अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को समितियां बनाकर इसे पूरा करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव गुरुवार को सचिवालय में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगर निगम अयोध्या में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, नगर निगम गोरखपुर में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, वॉटर किऑस्क के बचे कार्यों को पूरा करने को लेकर स्वीकृति दी गई।

# लापरवाही में फंसी 1962 सेवा तो बताई गाइडलाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- गाय-भैंस के लिए है मोबाइल वेटरनरी यूनिट, बाकी पशु ले जाएं
- डेढ़ साल से प्रचार में नहीं दी सही जानकारी, अभाव में दम तोड़ रहे पशु

**अमृत विचार :** पशुओं के उपचार की 1962 सेवा लापरवाही से घिरी तो पशुपालन विभाग को केंद्र की गाइडलाइन याद आई। शासन ने जवाब मांगा तो प्रदेश में संचालित 520 मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) कैटिल यानी गाय, भैंस के उपचार के लिए बताई न कि अन्य पशुओं के लिए।

अन्य पशुओं का उपचार सरकारी अस्पतालों में करना बताया। जबकि संचालन करने वाली पांच कंपनियां डेढ़ वर्ष से गांव-गांव कैंप करके 1962 सेवा से पशुओं का उपचार करने की जानकारी दे रहीं हैं। एमवीयू हो या पोस्टर-बैनर या फिर विभागीय बैठक सिर्फ पशु उपचार की बात होती है। लेकिन, किन पशुओं का उपचार करने के लिए एमवीयू मौके पर जाएगी यह चिकित्सक और पशुपालकों को नहीं पता है। टोलफ्री नंबर 1962 लगाने पर टेलीकॉलर भी पशु हेल्पलाइन बोलकर स्वागत करते हैं। जो आकस्मिक स्थिति में एमवीयू नहीं भेजते हैं, यदि किसी तरह भेजते हैं तो पशु के मरने के बाद एमवीयू पहुंचती है। इस तरह की शिकायतों की जांच कराई गई लेकिन, गोलमोल कर कार्रवाई नहीं की गई।

### 5.20 करोड़ पशुओं पर 520 एमवीयू

1962 सेवा केंद्र की योजना है। जो प्रदेश में मार्च 2023 में संचालित हुई थी तब से तमाम शिकायतें हैं। एक लाख कैटिल पर एक एमवीयू मिली है। इस आधार पर कुल 520 एमवीयू 5 .20 करोड़ गाय व भैंस की संख्या के आधार पर बांटी हैं। जो नियम के अनुसार दो किमी के दायरे में पशु अस्पताल या केंद्र होने पर वहां पशुओं उपचार करने नहीं जाती है। जो एमवीयू संचालित हैं उनमें ज्यादातर उपचार की सेवा का प्रचार करती हैं। फिर भी पशुपालक जागरूक नहीं हो पाए हैं।

> केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार एमवीयू गाय-भैंस के उपचार के लिए है। फिर भी कॉल आने पर अन्य पशुओं का उपचार करते हैं। लापरवाही की शिकायतों पर कंपनियों का कई बार बजट रोका गया है। जो कमियां हैं वर दूर कर रहे हैं।
>
> **-डॉ. पीएन सिंह,** निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग

# बयानबाजी पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर नीतियों को लेकर सवाल उठाना सरकारी कर्मियों पर पड़ सकता है भारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मनमानी बयानबाजी मीडिया पर नहीं कर सकेगा। इसको लेकर शासन ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। आदेश के मुताबिक, मीडिया से बात करने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। आदेश में कहा गया है कि अखबार में मनमाफिक लेख न लिखे और टीवी-रेडिओ में न बोले। वहीं सोशल मीडिया के लिए भी नियम तय किए गए हैं।

अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी द्वारा बुधवार को जारी आदेश में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 का हवाला दिया गया है। इस नियमावली के नियम-3(2) में यह प्रावधान है कि प्रत्येक सरकारी कर्मचारी को सदैव आचरण एवं व्यवहार को विनियमित करने वाले विशिष्ट अथवा निहित सरकारी आदेशों के अनुरूप कार्य करना चाहिए। आदेश में है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के किसी भी समाचार पत्र या पत्रिका का स्वामित्व, संचालन या संपादन या प्रबंधन नहीं करेगा।

### साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक लेखों पर अंकुश नहीं

आदेश में आगे कहा गया है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी सरकार या किसी अधिकृत अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी रेडियो प्रसारण में भाग नहीं लेगा या किसी समाचार पत्र या पत्रिका को कोई लेख नहीं भेजेगा। यह प्रतिबंध अपने नाम से या गुमनाम रूप से समाचार पत्रों या पत्रिकाओं को पत्र लिखने पर भी लागू होता है। हालांकि, अगर ऐसे प्रसारण या लेख की प्रकृति पूरी तरह से साहित्यिक, कलात्मक या वैज्ञानिक है, तो मंजूरी की कोई जरूरत नहीं है।

# विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने शुरू किया स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना

## ट्रांसफार्मरों पर लगाए 31 मीटर, जल्द ही घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में विरोध के बीच बिजली कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल कंपनियों ने बिजली ट्रांसफार्मर पर 31 मीटर लगाये हैं। कंपनियां उपभोक्ताओं के घरों में भी मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं।

प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों की ओर से निजी घरानों को दिए गए लगभग 25 हजार करोड़ की लागत वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लगाने की शुरुआत हो गई है। पूर्वांचल, दक्षिणांचल व पश्चिमांचल निगमों में यूजर एक्सेप्टेंस टेस्ट (यूएटी) के लिए 31 स्मार्ट प्रीपेड मीटर वितरण ट्रांसफार्मर पर लगाए गए हैं। जल्द ही प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के घरों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसका कड़ा विरोध करते हुए मीटर लगाने की कार्रवाई बंद करने की मांग की है।

### स्मार्ट मीटर में लगाए जा रहे चायनीज उपकरण

परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि निजी बिजली कंपनियां स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चायनीज उपकरण लगा रही हैं। इसका विरोध किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि गुजरात और महाराष्ट्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर न लगाये जाने का निर्णय लिया है, ऐसे में प्रदेश सरकार को इस पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई है, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने को विद्युत अधिनियम का उल्लंघन बताया गया है। साथ ही, याचिका में केंद्र सरकार की ओर से जारी नियम निरस्त करने की मांग की गई है।

### ललितपुर समेत तीन इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम में कुछ सुधार के बाद भी गुरुवार को बिजली कंपनियों को बिजली संकट से राहत नहीं मिल सकी। ललितपुर, बारा व हरदुआगंज बिजलीघरों की एक-एक इकाइयों के ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र आपात बिजली कटौती का सामना करते रहे। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ललितपुर की 660 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व हरदुआगंज की 110 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई। इससे राज्य के बिजलीघरों से बिजली की उपलब्धता प्रभावित हो गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति में काबू में की गई। बिजली अभियंता बारा इकाई के 22 जून व बाकी इकाइयों को देर रात तक हो जाने की उम्मीद जताते रहे। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,448 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता में अंतर होने के कारण करीब 845 मेगावाट आपात बिजली कटौती की गई। इस दौरान प्रदेश के ग्रामीण व बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली संकट बना रहा। गर्मी में बिजली न होने पर लोग परेशान रहे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला लगातार बना हुआ है, इससे स्थिति सुधर नहीं पा रही है, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आयात कर बिजली संकट को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 1.25 लाख प्रशिक्षित युवाओं को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ:** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत अब तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दो लाख 35 हजार 334 ग्रामीण युवाओं में एक लाख 25 हजार 822 को रोजगार मिल चुका है। इस योजना में मुख्यतया बीपीएल परिवारों के साथ ही मनरेगा श्रमिक, बेरोजगार, अल्प शिक्षित व स्कूल ड्रॉपआउट करने वाले युवाओं को लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने गुरुवार को बताया कि उप्र.कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमताओं के आधार पर उन्हें रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को विभिन्न विषय अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं।

# 16 प्रशिक्षु आईएएस ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



लोकभवन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात करते प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का मूलमंत्र दिया

**अमृत विचार:** 2023 बैच के 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलता का मूलमंत्र दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि आज के दौर में जन आकांक्षाएं तेजी से बढ़ रही है। लोक सेवक के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनका उन्हें समाधान निकालना होगा। अधिकारियों को अपने कार्यों, निर्णयों व सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग की जवाबदेही खुद तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अंदर अहंकार न रखें। टीम भावना से कार्य करें। अधिकारियों का कार्य आम नागरिकों के चेहरे पर खुशियां लाना है। प्रशिक्षु अधिकारियों में इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा, स्वाती शर्मा, शिशिर कुमार सिंह, वैशाली, गुंजिता अग्रवाल, नितिन सिंह, अनुभव सिंह, सई आश्रित शाखमुरी, नारायणी भाटिया, महेंद्र सिंह, चलुवराजु आर, काव्या सी, दीपक सिंघनवाल, साहिल कुमार व रिंकू सिंह राही शामिल थे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी की निदेशक नीना शर्मा, अपर निदेशक डॉक्टर गरिमा यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## बांस की कॉटेज में ले सकेंगे प्रकृति का आनंद व सेल्फी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व का मुख्य प्रवेश द्वार को भव्य बनाने के साथ अंदर बांस के कॉटेज (बैम्बू काटेज) बनाए गए हैं। इसके अलावा टाइगर रिजर्व में एडवेंचर स्पोर्ट्स की सुविधा शुरू की गई है। इस तरह की कई सुविधाएं हैं जो पर्यटकों को लुभाने के साथ ही, पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। यह जानकारी गुरुवार को संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व उप्र. में जैव विविधता और बंगाल टाइगर के संरक्षित किए जाते हैं। जिसे 1.67 करोड़ रूपये की लागत से और सुविधा जनक बनाया गया है। इसमें गेस्ट हाउस के पास पार्किंग एरिया, वेटिंग हॉल, प्रतीक्षालय एवं एक सुविधाजनक हॉल बनाया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटकों के लिए यादगार तस्वीरें लेंने को सेल्फ़ी पॉइंट भी बनाए गए हैं। पर्यटकों के की सुविधा में टिकट काउंटर स्थापित किए गए हैं। पर्यटकों को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाए गए हैं। इसके अलावा परिसर को पर्यावरण अनुकूल रखते हुए रोशनी के लिए सोलर लाइटें लगाई गई हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पीलीभीत में लोग गर्मियों की छुट्टियां मनाने जाते हैं। इसलिए बैम्बू कैंटीन का निर्माण कराया गया है।

# पुलिस के खिलाफ बन रहा नकारात्मक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यातायात विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान से आईएएस, पीसीएस से लेकर अन्य कार्मिकों में भी हड़कंप

**अमृत विचार:** यातायात पुलिस द्वारा लाल-नीली बत्ती व हूटर-सायरन के अवैध प्रयोग को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान से अब सरकार के विभागों में पुलिस के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनने लगा है। हालात देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इससे पुलिस को दूरगामी नुकसान हो सकता है। क्योंकि अन्य विभागों के अफसरों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।

सर्वाधिक नाराजगी मजिस्ट्रेट स्तर के अफसरों में है। खासकर एडीएम और एसडीएम खासा नाराज हो रहे हैं। इसके अलावा जिले में डीएम के बाद सबसे महत्वपूर्ण पद मुख्य विकास अधिकारी भी इस अभियान की जद में आ रहे हैं। कई मुख्य चिकित्साधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारियों की बत्तियां भी उतारी गई हैं। परिणाम स्वरूप इन अफसरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है, जिसका खामियाजा पुलिस को भुगतना पड़ सकता है।

### आठ दिन में पौने दो लाख वाहनों की हुई जांच

यातायात विभाग के अभियान में आठ दिनों में पौने दो लाख वाहनों की जांच हो चुकी हैं। जिसमें से लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 86 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 3900 वाहनों का चालान किया गया जबकि साढ़े तीन लाख समन शुल्क वसूला गया। इसी तरह पुलिस कलर्स प्रयोग करने वाले एक लाख वाहनों को चेक किया गया, जिसमें से 9300 वाहनों का चालान किया गया और इनसे साढ़े 45 लाख रुपए समन शुल्क के रूप में वसूला गया। इस तहर भारत सरकार अथवा उप्र. सरकार लिखे 89 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6608 वाहनों का चालन किया गया और 23 लाख रुपए शमन शुल्क वसूले गए।

### इन अधिकारियों पर कार्रवाई चर्चा में रहीं

बहराइच के मिहीपुरवा में नायब तहसील तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी को अस्पताल भर्ती कराने ले जा रहे थे, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। मिर्जापुर में एडीएम के वाहन में लगी बत्ती बीच सड़क उतरवाई गई। सहारनपुर में तैनात महिला एसडीएम का हूटर सीओ ने उतरवाया। कासगंज में तैनात एसडीएम का हूटर उतरवाया गया। चर्चा यह भी रही कि पुलिस कर्मी जिन अफसरों से चिढ़ते थे, इसी अभियान की आंड़ में अपना खुन्नस भी निकाला।

# शाइन सिटी पर ईडी ने दर्ज कराई दूसरी शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), लखनऊ कार्यालय ने शाइन सिटी द्वारा किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 24 अप्रैल को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), के समक्ष दायर किए गए अभियोजन शिकायत (पीसी) पर न्यायालय ने संज्ञान लिया है। इस मामले में ईडी द्वारा दायर यह दूसरी अभियोजन शिकायत है। ईडी ने राशीद नसीम और शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ उप्र पुलिस द्वारा दर्ज लगभग 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी की जांच से पता चला कि आरोपियों, सहयोगियों और प्रमोटरों ने कई कंपनियों को शामिल किया और रियल एस्टेट सेक्टर और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना में जनता से धन एकत्र किया और उसके बाद धन को डायवर्ट किया। ईडी की जांच में फंड ट्रेल की पहचान की गई और पाया गया कि ग्राहकों से एकत्र किए गए धन को कमीशन एवं रॉयल्टी राशि की आड़ में विभिन्न निदेशकों, प्रवर्तकों एवं सहयोगियों और समूह कंपनियों को हस्तांतरित किया गया था। इस तरह से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल संपत्ति खरीदने के लिए किया गया था। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ रुपये की ऐसी संपत्तियों की पहचान की गई है और उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया है।

## 2027 तक मलेरिया मुक्त करने को जुटा विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ:** 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त होना है, इसके लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है।

मलेरिया उन्मूलन में सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग पर विशेष बल दिया जा रहा है।


## वर्ग पहेली-107

**बाएं से दाएं**

2. अहीर या ग्वाला।
5. 1. (रामायण) मिथिला नरेश जनक की कन्या जिसका विवाह रामचंद्र से हुआ था, जानकी, वैदेही 2. हल द्वारा जोतने से ज़मीन पर निर्मित रेखाकार गड्ढा 3. हल का फाल 4. कृषिकर्म 5. कृषि की अधिष्ठात्री देवी 6. राजा की व्यक्तिगत कृषि भूमि, सीर 7. प्राचीन काल में सीताध्यक्ष नामक अधिकारी द्वारा प्रजा से एकत्रित अन्न।
6. 1. ख़ून, रक्त, रुधिर 2. केसर, सिंदूर 3. तांबा।
8. लेख, आलेख।
10. 1. आवेग संबंधी 2. जोशीला, बिना सोचे-समझे कुछ कर गुज़रने वाला 3. आवेगशील, अशांत।

**ऊपर से नीचे**

1. कमी, त्रुटि।
3. 1. सिर में निकाली हुई मांग, स्त्रियों के सिर की मांग 2. हद, सीमारेखा 3. अस्थिसंघात, हड्डियों का जोड़।
4. विकसित, सुसंस्कृत, उन्नत।
7. बहुत दूर तक की बात सोचने वाला, दूरदर्शी, अग्रसोची।
8. 1. कुमार्गी, कुपथगामी 2. आचरणहीन, बुरे चाल-चलन वाला।
9. 1. वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुओं की दुकानें हों, वस्तुओं के क्रय-विक्रय का निश्चित स्थान, हाट, मंडी, (मार्केट) 2. क्रय-विक्रय के लिए एकत्रित हुए लोग। (मु.)-करना : ख़रीददारी करना। -तेज़ होना : सभी वस्तुओं का मूल्य बढ़ना।



### वर्ग पहेली -106 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 थ | ने | ला |
| | 2 को | य | ला | | | |
| | का | | | 3 ज | | 4 ड |
| | 5 बे | उ | सू | ल | | लि |
| 6 चो | ली | | | 7 कं | जि | का |
| | | | | डु | | |
| 8 अ | नु | ना | दी | | 9 सि | ल |

## सुडोकू-20

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 1 | |
| 5 | 4 | | | | | | 9 | |
| 7 | | | 9 | 3 | 4 | | | 6 |
| 6 | | | | 4 | 9 | | 3 | |
| | | 2 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 7 | 8 | | | | 9 |
| 9 | | | 1 | 2 | 5 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | 5 |
| | 3 | | | | 7 | | 8 | |

### सुडोकू - 19 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी-07 .31 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। कुछ अपने लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। ई-मेल और अन्य दस्तावेजों पर सावधानी पूर्वक जांचकर ही प्रतिक्रिया दें।

**वृष** – आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेतर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ नवाचारी प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज अनावश्यक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध लोगों की भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइन्ट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क** – आज प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए।

**सिंह** – आज किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा कर सकते हैं। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों के दृष्टिकोण से दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

**कन्या** – आज मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खान-पान की आदतों में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। मित्रों के साथ कहीं दूर की यात्रा का विचार बनाएंगे।

**तुला** – आज दिल की बजाय दिमाग से काम करें। अपने काम में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज व्यवहार कुशलता के कारण आप कुछ उलझे हुए मामलों को सुलझा सकते हैं। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशन्सा करेंगे।


**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ संवादहीनता की स्थिति पनप सकती है। जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

**मकर** – आज समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल रखेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** – आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें।

**मीन** – आज आपकी वाणी में सौम्यता परिवार में विशेष सम्मान की दिलाएगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 18 .19 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आज का रावण – सुबह : 09 .00
जान से प्यारा – शाम : 06 .00

**Sony Pix**
इट – सुबह : 10 .00
हांस जिमर – रात : 09 .00

**&pictures**
शूरवीर – सुबह : 11.05
धमाल – रात : 07 .30

**Zee Cinema**
वलाटी – सुबह : 12 .02
मायोन – रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
आंखें – सुबह : 08 .17
कुछ कुछ होता है – शाम : 06 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश..

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7800-8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16700-16800 |
| अरहरस्पेशल1 | 14200-14300 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4750-4850 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1435 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1360-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |


# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्याः दास

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।



## गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

- **शाह की अध्यक्षता में समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा**

**नई दिल्ली, एजेंसीः** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा-केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएं।

## आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। • अमृत विचार

- **एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन**
- **मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस**

**अमृत विचार :** अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

**म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयारः** अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

### खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

### इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकेदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

## स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर पर पहुंचा

- **आंकड़ों के मुताबिक 9,771 करोड़ रुपये रह गया**

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है।

यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं।

## सोने की कीमत में 120 और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये मजबूत होकर 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की तेजी के साथ 92,300 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं।



# मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। वह मनोवैज्ञानिक रूप से ढह गए हैं और इस तरह सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे...मोदी का सरकार चलाने का विचार लोगों में डर पैदा करना, उन्हें डराना और बोलने नहीं देना है।

उन्होंने कहा-इस चुनाव में मोदी की मूल अवधारणा नष्ट हो गई है। अब हमारे पास एक मजबूत विपक्ष है। पेपर लीक के मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा, अगर योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं दी जाएगी, असमर्थ लोगों को कुलपति बनाया जाएगा और परीक्षा के ढांचे में अपनी विचारधारा के लोगों को डालेंगे तो पेपर लीक होगा। पेपर लीक का कारण है कि भाजपा के मातृत्व संगठन ने पूरे तंत्र को कब्जा कर रखा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जो संस्थान पहले निष्पक्ष हुआ करते थे, आज एक विचारधारा के साथ चलने लगे हैं तथा इन संस्थानों में असमर्थ लोगों के बैठा दिया गया है।

### मोदी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था और भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कर दिया : खरगे



कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया है।

## तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। • एजेंसी

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

## एक नजर

### सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

- **विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की**

**पटना, एजेंसी**



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जररू है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

## मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

- **उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश**

**इंदौर, एजेंसी**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

## कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।

## अखनूर बस दुर्घटनाः जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

**जम्मू, अमृत विचारः** यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

## लू से 110 लोगों की मौत, 40 हजार से अधिक मामले आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### भीषण गर्मी का प्रकोप



इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में देश के बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी ने कम से कम 110 लोगों की जान ले ली और 40,000 से अधिक लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है। यहां लू और तापघात से करीब 36 लोगों की मौत हई है। उसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई हैं। एक अधिकारिक सूत्र ने बताया, उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडें नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 18 जून को ही तापघात से छह लोगों की मौत हुई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में है, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाईयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं। परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्य योजना का प्रसार सुनिश्चित करें।

# रूस-उत्तर कोरिया समझौते पर भड़का दक्षिण कोरिया

सियोल, एजेंसी

- कहा- यूक्रेन को लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की, जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा।

राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है।

# कुआलालंपुर जा रहा विमान तकनीकी गड़बड़ी से लौटा

**हैदराबाद।** कुआलालंपुर के लिए हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पिछली रात उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद मलेशिया एयरलाइंस के पायलट को इंजन में किसी तकनीकी खराबी का पता चला और वह विमान को यहां वापस ले आया। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान एमएच 199 ने बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात पौने एक बजे यहां से रवाना हुई थी, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ देर बाद वह वापस लौट आयी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 138 यात्री सवार थे। विमान को बुधवार देर रात 12 बज कर 15 मिनट पर रवाना होना था। सूत्रों ने बताया कि यह उड़ान तीन बजकर 21 मिनट पर हवाई अड्डे पर लौट आयी।

# भारत में तैयार दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च पुल



### किस परियोजना में तैयार

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना में कुल 119 किलोमीटर की 38 सुरंगें शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग टी-49 की लंबाई 12.75 किलोमीटर है। यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। परियोजना में 927 पुल (कुल लंबाई 13 किलोमीटर) भी शामिल हैं। इन पुलों में चिनाब पुल भी है। यह एफिल टावर से लगभग 35 मीटर ऊंचा है।

### इंजीनियरिंग का नमूना है पुल

चेनाब पुल का निर्माण तीव्र गति की हवा को ध्यान में रखकर किया गया है। इसका डिजाइन 266 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा को आसानी से झेल सकता है। चेनाब पुल पर दो ट्रैक बिछाए गए हैं। पुल को इंक्रीमेंटल लॉन्चिंग से लॉन्च किया गया है। इस तरीके से लॉन्च करते हुए इसे एक कर्व में भी धकेला गया है। इस प्रकार का कार्य इंजीनियरिंग का नमूना है।

भारत में तैयार दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल पर रेलवे का ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इस पर भारतीय रेल दौड़ती नजर आएंगी। जिससे इस पर यात्रा करने वालों को एक अलग ही अनुभव होगा। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की चेनाब नदी पर बना यह पुल देश के लिए किसी गौरव से कम नहीं है। आइए जानते हैं दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च पुल की खासियतें।

### 120 सालों तक सेवा में रहेगा

चेनाब पुल की ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। चेनाब पुल की कुल लम्बाई 1315 मीटर है, जिसमें से 530 मीटर वायाडक्ट यानी जमीन के ऊपर और शेष भाग 785 मीटर चेनाब वैली पर बना है। चेनाब पुल को 120 वर्षों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मतलब यह है कि पुल एक सदी से भी अधिक समय तक बड़ी आसानी से भारतीय रेलवे में सेवारत रहेगा।

### 27,000 टन स्टील की खपत

चेनाब पुल में कुल मिलाकर 18 खम्बे हैं, सबसे ऊंचा कंक्रीट पिलर करीब 49.343 मीटर का है और सबसे ऊंचा स्टील पिलर करीब 130 मीटर ऊंचा है। इस ब्रिज में लगभग 27,000 टन से भी ज्यादा स्टील की खपत हुई है। डीआरडीओ की मदद से इस पुल को ब्लास्ट लोड के लिए भी डिजाइन किया गया है। ब्रिज को जोड़ने के लिए विश्व स्तरीय वेल्डिंग का उपयोग किया गया है।

## एक नजर

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से बात की

**नयी दिल्ली।** इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो से फोन कॉल पाकर खुशी हुई।

### पेन्सिलवेनिया प्रांत में गोलीबारी, सात घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में पेन्सिलवेनिया प्रांत के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार की शाम को शहर में हुई गोलीबारी में सात लोग घायल हो गये, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हमलावर एक वाहन में बैठकर घटनास्थल से भाग गए। फिलहाल घटनास्थल पर कोई हथियार नहीं मिला है। घटना की जांच जारी है।

### 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर में इजरायली सेना के हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गयी। फिलिस्तीनी सुरक्षा एवं चिकित्सा सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि इजरायली विमानों ने राफ़ा के पूर्व में वाणिज्यिक ट्रकों पर रखे सामानों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षाकर्मियों के एक समूह को निशाना बनाया। हमले में 10 फिलिस्तीनी सुरक्षाकर्मी मारे गये और अन्य घायल हो गये। घायलों को बुधवार को यूरोपीय गाजा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर फिर हमला किया

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जबकि कीव की सेना ने सीमा पार ड्रोन से हमला कर एक बार फिर रूसी तेल सुविधाओं को निशाना बनाया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लगभग 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने की सूचना के साथ युद्ध में दोनों पक्षों ने दूर स्थित बुनियादी ढांचा संबंधी लक्ष्यों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने मध्य और पूर्वी यूक्रेन में ऊर्जा सुविधाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर नौ मिसाइलें और 27 शाहिद ड्रोन दागे।

# भारतीय चुनाव प्रक्रिया की सराहना

## प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

नयी दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करता अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल।

- प्रधानमंत्री ने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

अमेरिकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में भारत की यात्रा आये सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने देश में लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में नैन्सी पेलोसी, ग्रेगरी मीक्स, मारियानेट मिलर-मीक्स, निकोल मल्लियोटाकिस, अमेरीश बाबूलाल 'अमी बेरा' और जिम मैकगवर्न शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने भारत में हाल ही में संपन्न दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के पैमाने, निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भारत-अमेरिका संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए व्यापार, नई और उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक वैश्विक साझेदारी को और प्रगाढ बनाने के लिए समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने भारत-अमेरिका संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी कांग्रेस के निरंतर और दोनों दलों के समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। यह साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति सम्मान और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने वैश्विक भलाई के लिए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने गत जून की अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने का अवसर मिला था।

### दलाई लामा राजनीतिक प्रस्तावों में सुधार करें : चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने गुरुवार को तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाई लामा से कहा कि वह वार्ता के लिए अपने राजनीतिक प्रस्तावों पर विचार करते हुए उन्हें पूरी तरह से दुरुस्त करें। इसके साथ ही उसने अमेरिका से कहा कि वह तिब्बत से जुड़े मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता का सम्मान करे, क्योंकि वाशिंगटन एक सख्त तिब्बत नीति कानून पारित करने वाला है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि 14वें दलाई लामा के साथ केंद्र सरकार के संपर्क और संवाद के बारे में चीन की नीति सुसंगत और स्पष्ट है। चीन ने अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की धर्मशाला यात्रा और दलाई लामा (88) के साथ उनकी बैठक पर करीबी नजर रखी। प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ऐसे समय में हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों द्वारा पारित तिब्बत नीति विधेयक पर हस्ताक्षर करने वाले थे।

# शेख हसीना आज आएंगी भारत

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को आ रही हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री शेख हसीना 21-22 जून को भारत की राजकीय यात्रा करेंगी। भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में नयी सरकार बनने के बाद यह पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा होगी। विज्ञप्ति के अनुसार यात्रा के दौरान हसीना प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय परामर्श करने के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

# खाने में ब्लेड मामले में ताजसैट्स को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने ताजसैट्स बेंगलुरु में एक निरीक्षण किया

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एयर इंडिया की एक उड़ान में खाने के सामान में ब्लेड जैसी वस्तु पाये जाने के मामले में बृहस्पतिवार को ताजसैट्स को सुधार नोटिस जारी किया।

एयरलाइन को खाने के सामान की आपूर्ति ताजसैट्स करती है। बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रही एयर इंडिया की उड़ान में एक यात्री को परोसे गए खाने के सामान में ब्लेड जैसी वस्तु मिलने के बाद यह नोटिस जारी किया गया। यह घटना नौ जून की है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ताजसैट्स बेंगलुरु में एक निरीक्षण किया। एयरलाइन को वहीं से खाने के सामान की आपूर्ति की गई थी। एफएसएसएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के वर्धन राव ने कहा कि हमने ताजसैट्स बेंगलुरु में विस्तृत निरीक्षण के बाद उसे एक सुधार नोटिस जारी किया है।

# अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- बिल नेल्सन बोले- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय यात्री को मिलेगा प्रशिक्षण

नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर संयुक्त प्रयास करेगी, जिसमें एक भारतीय यात्री को भी शामिल किया जाएगा। नेल्सन का बयान अमेरिका और भारत द्वारा एक तथ्यपत्र जारी किये जाने के बाद आया है। इस तथ्यपत्र में कहा गया है कि दोनों देश अमेरिका में इसरो के अंतरिक्षयात्रियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह तथ्यपत्र जारी किये जाने से पहले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और (भारतीय) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच 'आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल)' वार्ता हुई थी। नेल्सन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पिछले साल की मेरी भारत यात्रा के बाद आगे बढ़ते हुए नासा मानवता के फायदे के लिए महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका एवं भारत की पहल को बढ़ाती रहेगी। साथ मिलकर हम अंतरिक्ष में दोनों देशों के सहयोग का विस्तार कर रहे हैं तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर संयुक्त प्रयास में इसरो के एक अंतरिक्ष यात्री को शामिल करेंगे।

# जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

टोक्यो, एजेंसी

- लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में कुछ नहीं बोलने का आरोप



जापान की विपक्षी कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की कैबिनेट के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर आज ही मतदान होने की उम्मीद है। जापानी प्रसारक एनएचके ने मसौदा दस्तावेज के हवाले से कहा, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के गुटों के राजनीतिक फंड के बारे में सच्चाई को सामने नहीं लाया है और रिश्वत प्रथा के उभरने की समस्या के बारे में अब तक कुछ नहीं कहा है। जापानी संसद के निचले सदन के पूर्ण सत्र में कुछ देर बाद मसौदा प्रस्ताव पर मतदान होने की उम्मीद है।

मंगलवार को विपक्षी निप्पॉन इशिन नो काई पार्टी ने जापानी संसद के ऊपरी सदन में किशिदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। बहस के दौरान विपक्षी नेताओं ने किशिदा के इस्तीफे और अधिक सक्षम उत्तराधिकारी की नियुक्ति की मांग की। जवाब में, प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सरकार के सामने आने वाले जरूरी कार्यों पर प्रकाश डाला।

# समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की शुरुआत

कोलंबो, एजेंसी



- समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से गुरुवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने बताया कि दोनों नेताओं ने श्रीलंका के राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और जयशंकर ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की पट्टिका का डिजिटल माध्यम से अनावरण किया और औपचारिक तौर पर केन्द्र की शुरुआत की।

# इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का अपहरण

लाहौर, एजेंसी

- देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले थे गुलाम शब्बीर



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के राजनीतिक सलाहकार का पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण कर लिया है। मीडिया में आई खबरों में गुरुवार को यह जानकारी दी गई।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने खबर दी है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता शाहबाज गिल के बड़े भाई गुलाम शब्बीर का दो दिन पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उस समय अपरहण कर लिया, जब वह इस्लामाबाद जा रहे थे। इस बाबत कान्हा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी उनके बेटे बिलाल ने दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि शब्बीर देर रात लाहौर के खयाबन-ए-अमीन स्थित अपने घर से निकले और इस्लामाबाद की ओर चल दिए। इस बारे में और कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। पीटीआई पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं, जब उन्हें कुछ मामलों में दोषी करार दिया गया था। उनके खिलाफ करीब 200 मामले दर्ज हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपर स्टार राकेश मिश्रा और अभिनेत्री श्यामली श्री का नया भोजपुरी गाना सौतिनिया के सड़िया रिलीज हो गया है। सौतिनिया के सड़िया गाना में राकेश मिश्रा और श्यामली श्री की लाजवाब केमेस्ट्री भी नज़र आ रही है। इस गाने को देसी लोटा एंटरटेनमेंट एंड शूट सॉल्यूशन द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसके निर्माता धुन बजा भोजपुरी हैं। गाना सौतिनिया के सड़िया को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना मस्त है और हमने इसे बेहद खूबसूरती से बनाया है। उम्मीद करता हूं सबों को पसंद आयेगा। उन्होंने कहा कि इस गाने में पहली बार उन्होंने खूबसूरत अदाकारा श्यामली श्री के साथ काम किया है। गाने को बनाने में सबों का योगदान सराहनीय रहा है। जहां तक बात श्यामली का है तो उसकी अदाकारी भी कमाल की है। इस गाने के जरिये उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल को दर्शकों के सामने रखा है। वहीं, श्यामली श्री ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बेहद ख़ास है। गाने में एक महिला की पीड़ा को दिखाया गया है, जब उसको ये पता चलता है कि उसके पीठ पीछे उसका पति किसी परायी स्त्री को साड़ी देकर आ रहा है।

# अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धि : प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास का कहना है कि महानायक अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 एडी में काम करना उनके लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित साइंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी की प्री रिलीज इवेंट मुंबई में आयोजित की गयी। प्रभास ने बताया कि फिल्म कल्कि 2898 एडी के सेट पर कैसे अमिताभ बच्चन के पहली बार पैर छूने के बाद उन्हें दोबारा ऐसा न करने की सख्त ताकीद गई। वह भी इस चेतावनी के साथ कि यदि ऐसा वह दोबारा करेंगे तो अमिताभ बच्चन भी उनके पैर छू लेंगे। प्रभास ने अपने बचपन के दिनों की याद करते हुए बताया कि कैसे उन दिनों साउथ के हर लंबे आदमी को अमिताभ बच्चन ही कहकर बुलाया जाता था और कैसे उन्होंने अमिताभ बच्चन की तमाम फिल्में तमाम जतन करके देखी हैं।

# माही-गोल्डी का लोकगीत पिया काली साड़ी रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का नया लोकगीत पिया काली साड़ी वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि अपने पति से काली साड़ी लाने की डिमांड करके नसीहत देकर माही श्रीवास्तव काफी खुश हैं। वह ठुमका लगाते हुए अपनी सहेलियों संग खूब मस्ती और डांस करते हुए कहती है कि... जहिया बजरिया सवारिया जी, डाले है पड़ोसन नजरिया जी, आप मेरे हीरो मैं हीरोइन आपकी, पेन्ह के लगूंगी ऐश्वर्या जी, दूनों दिलवा के बात दिलवाले पिया, गोरे देहिया प लागा ताड़ी काले पिया... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत पिया काली साड़ी के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है।


## खगोल विज्ञान — स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा

# 190 साल पुराना है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट 190 साल पुराना है। यह एक भीषण तूफान है, जो 450 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। स्पेन के बास्क सिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में यह खुलासा किया है।

हमारे सौर परिवार का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति ग्रेट रेड स्पॉट को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। किसी भी दूरबीन की पहली नजर इस तूफान पर पहले जाती है और हर कोई इस तूफान के बारे में जानना चाहता है। मगर नया शोध हैरत में डालने वाला है। जिसमें बृहस्पति के रेड स्पॉट की गहनता से जांच परख की है। जिसमें खासकर यह पता चलता है कि यह तूफान सीधे आगे न जाकर भंवर के रूप में एक सीमा के अंदर घूमता है। इस शोध ने यह भी स्प्ष्ट कर दिया है कि यह रेड स्पार्ट वह स्थान नहीं है, जिसे खगोलविदों द्वारा 1600 के दशक में पहली बार देखा गया था। नया विशाल नारंगी प्रतिचक्रवात है। 17 जून को शोधकर्ताओं ने कहा कि आज हम बृहस्पति पर जो ग्रेट रेड स्पॉट देखते हैं, यह वह तूफ़ान नहीं है जो खगोलविदों ने 1600 के दशक में देखा था। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह तूफान करीब 190 साल पहले बना था। यह सौर मंडल में सबसे लंबे समय तक रहने वाला भँवररूपी चक्रवाती तूफान है। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। ग्रेट रेड स्पॉट का आकार और रंग पिछले कुछ वर्षों में भिन्न-भिन्न रहा है। 1879 में वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि ग्रेट रेड स्पॉट की चौड़ाई 39,000 किमी थी। मगर अब 14,000 किमी चौड़ा और गोलाकार है। वर्तमान में इसका आकार लगभग पृथ्वी व्यास के बराबर है।



बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान का ताजा चित्र।

### उथला व पतला है ग्रेट रेड स्पॉट

**नैनीताल :** ग्रेट रेड स्पॉट उथला और पतला है। शोधकर्ताओं ने जोवियन वातावरण में पतले भंवरों के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग किया। तूफ़ान कैसे बना होगा, इस बारे में अध्ययन किया। यह एक विशाल महातूफ़ान छोटे भंवरों के विलय या शायद वायुमंडलीय कोशिका बनाने वाली हवाओं में अस्थिरता का परिणाम हो सकता है।